डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

# दैनिक रॉयल पत्रिका

वर्ष :13 अंक : 62 पेज: 8 जयपुर, रविवार , 09 फ़रवरी 2025 मूल्य: 1.50 रुपये

## गुजरात-पंजाब से कनाडा फिर पहुंच पाए अमेरिका !

- एजेंटों के काले खेल का खुलासा, 4200 भारतीय रडार पर

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका से भारतीय नागरिकों के निष्कासन का मुद्दा गुरुवार को संसद में जोर-शोर से उठा। इस बीच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने खुलासा किया है कि बीते तीन वर्षों में लगभग 4,200 भारतीयों के अवैध रूप से अमेरिका पहुंचने की जांच चल रही है। ईडी ने गुजरात और पंजाब में सक्रिय एजेंटों के नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है, जो अवैध रूप से भारतीयों को विभिन्न रास्तों से अमेरिका भेजने का काम कर रहे थे। इस जांच के दौरान 4,000 से अधिक संदिग्ध वित्तीय लेनदेन सामने आए हैं, जिनके जरिए भारतीयों को पहले कनाडा और फिर वहां से अमेरिका पहुंचाया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, ईडी की जांच में सामने आया है कि अवैध प्रवास के लिए एजेंटों ने शिक्षा के नाम पर एक जाल बिछाया। इसके तहत, अमेरिका जाने के इच्छुक भारतीय नागरिकों को पहले कनाडा के कॉलेजों में एडमीशन दिलाया जाता था। इसके आधार पर वे कनाडा का वीजा प्राप्त करते और वहां पहुंचने के बाद कॉलेज की पढ़ाई छोड़कर अमेरिका की सीमा में प्रवेश कर जाते थे। रिपोर्ट के अनुसार, इन कॉलेजों की फीस भुगतान के लिए एक वित्तीय सेवा कंपनी का इस्तेमाल किया गया। जांच में पाया गया कि 7 सितंबर 2021 से 9 अगस्त 2024 के बीच गुजरात से कनाडा स्थित विभिन्न कॉलेजों में 8,500 ट्रांजेक्शन किए गए। इनमें से 4,300 दोहराए गए ट्रांजेक्शन पाए गए, जिससे यह संकेत मिला कि 4,200 ट्रांजेक्शन ऐसे थे जिनका इस्तेमाल अवैध रूप से अमेरिका जाने के लिए किया गया। ईडी की रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि एजेंटों को प्रत्येक व्यक्ति को अवैध रूप से अमेरिका भेजने के लिए 40 से 50 लाख रुपये तक की राशि मिलती थी।

## एमयूडीए घोटाला मामले में सिद्धारमैया को बड़ी राहत

### हाईकोर्ट ने सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका की खारिज

बेंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) मामले में हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने शुक्रवार को आरटीआई कार्यकर्ता स्नेहमयी कृष्णा की ओर से दायर याचिका खारिज कर दी, जिसमें एमयूडीए भूमि आवंटन मामले की जांच सीबीआई को सौंपने का निर्देश देने की मांग रखी गई थी। सीएम सिद्धारमैया पर एमयूडीए की ओर से




उनकी पत्नी पार्वती बीएम को 14 भूखंड के आवंटन में अनियमितता के आरोप हैं। जस्टिस एम. नागप्रसन्ना ने कहा, 'रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री से कहीं भी यह संकेत नहीं मिलता कि लोकायुक्त की ओर से की गई जांच पक्षपातपूर्ण, एकतरफा या कमजोर है, जिसके कारण इस अदालत को मामले को विस्तृत जांच या फिर से जांच के लिए सीबीआई को सौंपना पड़े। इसलिए याचिका खारिज की जाती है। सिद्धारमैया, उनकी पत्नी और रिश्तेदार बीएम मल्लिकार्जुन स्वामी, देवराजू और अन्य को लोकायुक्त पुलिस की ओर से प्राथमिकी में नामजद किया गया है।

## महाकुंभ में फिर आग लगी कई पंडाल जलकर खाक

- भीड़ को हटाया, बैरिकेडिंग की, 20 दिन में तीसरी घटना

प्रयागराज (एजेंसी)। महाकुंभ मेला क्षेत्र में शुक्रवार को फिर आग लग गई। इसमें कई पंडाल जल गए। आग इतनी तेज थी कि जब तक दमकल पहुंची तब तक पूरा पंडाल जल गया। हादसा सेक्टर-18 स्थित शंकराचार्य मार्ग पर हुआ। यहां संत हरिहरानंद का पंडाल बना है। सुबह करीब 11 बजे अचानक आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग लगने के बाद सिलेंडर फटने जैसे धमाके हुए। मौके पर पहुंचे फायर फाइटर्स ने मोर्चा संभाला। अनाउंस करके भीड़



को हटाया। चारों तरफ बैरिकेडिंग की। करीब 40 मिनट में आग पर काबू पाया। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। आग लगने की वजह अभी तक क्लियर नहीं है। महाकुंभ में 20 दिन में आग लगने की यह तीसरी घटना है। इससे पहले, सेक्टर- 22 और सेक्टर 19 में आग लग चुकी है। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया- आग लगने के बाद अफरातफरी मच गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। धुएं के गुबार उठने लगे। यह देखकर हम लोग डर गए। हम लोगों ने भागकर जान बचाई। कई पंडाल जल कर राख हो गए हैं। एसपी सिटी सर्वेश कुमार मिश्रा ने बताया- पंडाल में पर्दे लगे हुए थे। इस वजह से आग तेजी से फैली। आग लगने के कारण अभी स्पष्ट नहीं है।

## हाथों में खतरनाक हथियार और फुटबॉल की ट्रेनिंग

### मणिपुर का सनसनीखेज वीडियो वायरल,अब होगी जांच



इंफाल (एजेंसी)। पिछले लंबे अरसे से मणिपुर में हालत काफी खराब हैं। इस बीच मणिपुर से एक चौंकाने वाला वीडियो सामने आया है। इसमें कुछ लोग हाथों में हथियार लेकर मैदान में फुटबॉल खेलते दिखाई दे रहे हैं।

इन लोगों ने अपने हाथ में जो हथियार ले रखा है वह कोई साधारण बंदूकें नहीं हैं, बल्कि एके-47 और अमेरिका की एम सिरीज की असॉल्ट राइफल हैं। फुटबॉल मैच वॉर्मअप का यह वीडियो सबसे पहले मणिपुर के कंगपोकपी जिले के सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर के पेज पर दिखाई दिया था। अब यह वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में एक पोस्टर भी दिखाई दे रहा है, जिसके ऊपर जगह का



नाम लिखा हुआ है। यह जगह नोहजांग किपगेन मेमोरियल प्लेग्राउंड है, जो गमनोमफाई गांव में स्थित है। यह गांव मणिपुर की राजधानी से करीब 30 किलोमीटर की दूरी पर है। वीडियो में जो खिलाड़ी दिखाई दे रहे हैं उनकी फुटबॉल जर्सी के सामने सनाखांग लिखा हुआ है। वहीं, एके राइफल पकड़े खिलाड़ी की जर्सी के पीछे गिना किपगेन और 15 नंबर लिखा है। पोस्टर पर लिखी जानकारी के मुताबिक यह मैच 20 जनवरी को खेला गया था। सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर नाम्पी रोमियो हैनसांग ने इंटाग्राम से हथियारों वाले वीडियो को डिलीट कर दिया था। बाद में उन्होंने फुटबॉल मैच का एक छोटा वीडियो पोस्ट किया, जिसमें लोगों के हाथ में राइफल नहीं थी। उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल पर भी ऐसा ही किया।

## सस्ते हो सकते हैं लोन, मौजूदा ईएमआई भी अब होगी कम

- आरबीआई ने रेपो रेट में कर दी 0.25 फीसदी की कटौती

मुंबई (एजेंसी)। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने करीब 5 साल बाद ब्याज दरों को 6.5 फीसदी से घटाकर 6.25 फीसदी कर दिया है। अब आपके सभी लोन सस्ते हो सकते हैं और ईएमआई भी घटेगी। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने सुबह 10 बजे मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी में लिए फैसलों की जानकारी दी। इससे पहले मई, 2020 में कोविड-19 महामारी के समय रेपो दर को 0.40 प्रतिशत घटाकर चार प्रतिशत किया गया था। फिर रूस-यूक्रेन युद्ध के जोखिमों से निपटने के लिए आरबीआई ने मई, 2022 में दरों में बढ़ोतरी करनी शुरू की थी और यह सिलसिला फरवरी, 2023 में जाकर रुका था। रेपो दर दो साल से 6.50 प्रतिशत पर स्थिर बनी हुई है। आरबीआई के गवर्नर ने संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति



समिति (एमपीसी) की तीन दिन की बैठक में लिए गये फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि छह सदस्यीय समिति ने आम सहमति से रेपो दर को 0.25 प्रतिशत घटाकर 6.25 प्रतिशत करने का फैसला किया है। रेपो दर घटने का मतलब है कि मकान, वाहन समेत विभिन्न कर्जों पर मासिक किस्त में कमी आने की उम्मीद है। आरबीआई के नवनियुक्त गवर्नर संजय मल्होत्रा ने छह सदस्यीय एमपीसी की बुधवार से शुरू बैठक में लिए गये फैसले की जानकारी दी।

## बाइक को टक्कर मारकर टैंकर में घुसी ट्रैवलर, 6 की मौत

इंदौर (एजेंसी)। महू के पास मानपुर में एक ट्रैवलर ने पहले बाइक को टक्कर मारी, फिर टैंकर में जा घुसी। हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दो घायलों ने इंदौर के एमवाय अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक, एक्सीडेंट शुक्रवार तड़के करीब 3 बजे हुआ। ट्रैवलर में सवार सभी यात्री कर्नाटक के बेलगाम जिले के रहने वाले हैं, जो महाकाल दर्शन कर लौट रहे थे। एमवाय अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि 18 घायल लाए गए थे। इनमें से सागर (65) और नीतू (50) की इलाज के दौरान मौत हो गई। एक बच्चे को पीआईसीयू में एडमिट किया गया है। बाकी लोग हड्डियां टूटने और चोट लगने के कारण एडमिट हैं।

## अपनी सेना ने 7 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया

- इनमें 3 पाकिस्तानी सैनिक, इंडियन पोस्ट पर हमले की साजिश नाकाम



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय सेना ने 7 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया है। इनमें 3 पाकिस्तानी आर्मी के जवान भी शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से बताया गया कि घटना 4 फरवरी की रात पुंछ जिले में कृष्णा घाटी के पास हुई, जब एलओसी के पास घुसपैठ की कोशिश की गई। सूत्रों का दावा है कि भारतीय सेना की फॉरवर्ड पोस्ट पर हमले की प्लानिंग थी।

## संभल में बुलडोजर ऐक्शन पर सुनवाई से 'सुप्रीम' इनकार

- अवमानना मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दी हाईकोर्ट जाने की सलाह

नई दिल्ली (एजेंसी)। संभल में बुलडोजर एक्शन पर अधिकारियों के खिलाफ अवमानना के केस के लिए याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से इनकार कर दिया है। याचिका दायर करने वालों को अदालत ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने की सलाह दी है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने याचिकाकर्ता मोहम्मद गयूर की ओर से पेश वकील से कहा कि इसे उच्च न्यायालय में दाखिल करें। पीठ ने याचिकाकर्ता को हाईकोर्ट जाने की छूट देते हुए कहा कि हमें लगता है कि इस मुद्दे से हाईकोर्ट सबसे बेहतर तरीके से निपट सकता है।

अधिवक्ता चांद कुरैशी के माध्यम से शीर्ष अदालत में दायर अपनी याचिका में याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने शीर्ष अदालत के 13 नवंबर 2024 के उस फैसले का उल्लंघन किया है जिसमें अखिल भारतीय दिशा-निर्देश तय किए गए थे। इसमें बिना कारण बताओ नोटिस जारी किए किसी भी संपत्ति को ध्वस्त करने पर रोक लगाई थी। पीड़ित पक्ष को जवाब देने के लिए 15 दिन का समय दिया गया था।

## एलजी के आदेश पर केजरीवाल के घर पहुंची एसीबी

नई दिल्ली (एजेंसी)। आम आदमी पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने नाम लिए बिना भाजपा पर कैंडीडेट्स की खरीद-फरोख्त के आरोप लगाए। केजरीवाल ने दावा किया कि उनके विधायकों और उम्मीदवारों को फोन पर 15-15 करोड़ के ऑफर दिए गए। इस मुद्दे पर सुबह 11.30 बजे सभी 70 कैंडीडेट्स की मीटिंग बुलाई थी। केजरीवाल के आरोपों के बाद भाजपा ने एलजी वीके सक्सेना को पत्र लिखकर आरोपों की जांच की मांग की। इसके बाद एलजी ने एंटी करप्शन ब्यूरो को मामले की जांच का आदेश दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एसीबी की टीम केजरीवाल, सांसद संजय सिंह और मुकेश अहलावत के घर जांच के



लिए पहुंची। करीब डेढ़ घंटे तक एसीबी की टीम ने केजरीवाल के घर में जांच की। जांच के बाद टीम ने केजरीवाल को लीगल नोटिस दिया और रवाना हो गई। केजरीवाल ने 6 फरवरी को 3 एजेंसियों का एग्जिट पोल आने के बाद यह आरोप लगाए। दिल्ली विधानसभा चुनाव में 70 सीटों के लिए 5 फरवरी को 60.54 फीसदी मतदान हुआ। नतीजे 8 फरवरी को आएंगे। एएपी नेता गोपाल राय ने कहा कि इस मीटिंग में सभी कैंडीडेट्स ने अपनी रिपोर्ट पेश की है। हमारी पार्टी करीब 50 सीटें जीतेगी। 6-7 सीटों पर करीबी मुकाबला है। गाली-गलौज पार्टी एग्जिट पोल्स के जरिए महौल बनाना चाह रही है कि वही सत्ता में आएगी। वह हमारे विधायकों को कॉल कर उन्हें लालच दे रही है।

## अब 21 राज्यों में भाजपा या गठबंधन की सरकार

### मोदी के तीसरे टर्म में 8 राज्यों में चुनाव हुए, NDA 6 में जीती; दिल्ली में 26 साल बाद वापसी



दिल्ली विधानसभा चुनाव का रिजल्ट लगभग साफ हो गया है। भाजपा 26 साल बाद सत्ता में वापसी कर रही है। 70 सीटों में से भाजपा 48 और AAP 22 सीटों पर जीत गई है। कांग्रेस को लगातार तीसरे चुनाव में एक भी सीट नहीं मिली। भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर चुनाव में उतरी थी।

2024 लोकसभा चुनाव में बतौर प्रधानमंत्री मोदी रिकॉर्ड तीसरी बार प्रधानमंत्री बने। उनके नेतृत्व में भाजपा ने इस साल 8 राज्यों- आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, ओडिशा, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड में चुनाव लड़ा।

इसमें 5 राज्यों- आंध्र, अरुणाचल, ओडिशा, हरियाणा और महाराष्ट्र में भाजपा या गठबंधन की सरकार बनी। सिक्किम में विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा और SKM के बीच गठबंधन टूट गया, हालांकि केंद्र में दोनों साथ हैं। वहीं जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस और झारखंड में JMM के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार है। 2025 में दिल्ली जीत के साथ 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में भाजपा या गठबंधन की सरकार हो गई।

**2018 में भाजपा गठबंधन ने इंदिरा के रिकॉर्ड की बराबरी की**

देश के सबसे ज्यादा राज्यों में सरकार बनाने का रिकॉर्ड 2018 में BJP गठबंधन के पास था। मार्च 2018 में त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड में सरकार बनाकर NDA 21 राज्यों में पहुंच गई थी। इसी के साथ NDA ने इंदिरा के शासनकाल में कांग्रेस के रिकॉर्ड की बराबरी की। आजाद भारत में जब राज्यों के चुनाव हुए तो केंद्र के साथ-साथ 21 राज्यों में कांग्रेस पार्टी का शासन था।

**हिमाचल-झारखंड में सरकार होती तो NDA पुराना रिकॉर्ड तोड़ती**

भाजपा गठबंधन अगर हिमाचल प्रदेश और झारखंड में चुनाव जीत जाता तो 23 राज्यों में उसकी सरकार होती। यह अपने आप में एक रिकॉर्ड होता। 2024 में झारखंड विधानसभा की 81 सीटों में JMM गठबंधन को 56 सीटें मिली थीं, जबकि भाजपा 21 सीटों पर सिमट गई। वहीं 2022 में हिमाचल प्रदेश में 68 सीटों पर हुए चुनाव में कांग्रेस ने 40 सीटें जीतकर सरकार बनाई थी।

अब राज्यवार जानिए कहां-कहां भाजपा सरकार....

**उत्तर भारत (उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल, UP, उत्तराखंड)**

उत्तर भारत में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, UP और उत्तराखंड में BJP की सरकार है। वहीं हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस और पंजाब में AAP सरकार है।

दिल्ली: 8 फरवरी को दिल्ली चुनाव के नतीजे आए। भाजपा ने 26 साल बाद सत्ता में वापसी की है। पार्टी ने 70 में से 48 सीटों पर जीत दर्ज की। इससे पहले 1993 में 49 सीटें जीतकर दो तिहाई बहुमत हासिल किया था। 5 साल की सरकार में मदन लाल खुराना, साहिब सिंह वर्मा और सुषमा स्वराज सीएम बनाए गए थे।।

उत्तर प्रदेश: उत्तर प्रदेश में बीजेपी की सरकार है। योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री हैं। वे 2017 में पहली बार और 2022 में दूसरी बार यूपी के सीएम बने थे। तब भाजपा ने 403 सीटों में से 222 पर जीत दर्ज की थी। यूपी में अगला विधानसभा चुनाव 2027 में होगा।

उत्तराखंड: उत्तराखंड में बीजेपी सरकार है। 2022 में हुए विधानसभा चुनावों में 70 सीटों में से भाजपा को 47 सीटों पर जीत मिली थी। पुष्कर सिंह धामी मौजूदा मुख्यमंत्री हैं। राज्य में अगला विधानसभा चुनाव 2027 में होगा।

हरियाणा: 2024 लोकसभा चुनाव के साथ हरियाणा में विधानसभा चुनाव हुए थे। 90 सीटों में से भाजपा ने 48 सीटों पर दर्ज की थी। हरियाणा में भाजपा की लगातार तीसरी बार सरकार है। 2024 में जीत से पहले भाजपा यहां 2014 और 2019 का चुनाव लगातार जीती। नायब सिंह सैनी हरियाणा के 19वें मुख्यमंत्री हैं।

**पूर्वी भारत (बिहार, बंगाल, झारखंड, ओडिशा)**

बिहार में भाजपा गठबंधन की सरकार है, पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस, झारखंड में JMM की सरकार और ओडिशा में BJP की सरकार है। यहां कुल 722 विधायकों में से 152 BJP के हैं, यानी 21%।

बिहार: 243 सीटों वाले बिहार में NDA सरकार है। नीतीश कुमार मुख्यमंत्री हैं। वह लगातार 2015 से बिहार के मुख्यमंत्री हैं। हालांकि नीतीश पहले INDIA गठबंधन के साथ थे। बाद में वह एनडीए के साथ आ गए।

ओडिशा: 2024 में ओडिशा की 147 विधानसभा सीटों पर चुनाव हुए थे। भाजपा ने 78 सीटों पर जीत दर्ज की। ओडिशा के वर्तमान मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी हैं जिन्होंने 12 जून 2024 को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।

**पश्चिम भारत (महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, गोवा)**

महाराष्ट्र में शिंदे की शिवसेना के साथ BJP सरकार है। गुजरात में BJP की पूर्ण बहुमत सरकार है और राजस्थान में भी भाजपा सरकार है। इन तीनों प्रदेशों के 710 विधायकों में से 429 BJP के हैं, यानी 60%।

राजस्थान: राजस्थान में 2023 में विधानसभा चुनाव हुए थे। भाजपा ने 200 सीटों में से 115 सीटों पर जीत दर्ज की थी। भजनलाल शर्मा राजस्थान के वर्तमान मुख्यमंत्री हैं। इन्होंने 15 दिसंबर 2023 को राजस्थान के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। आजादी के बाद से अबतक भारतीय जनता पार्टी के राजस्थान में छह बार मुख्यमंत्री रहे हैं।

गुजरात: गुजरात में पिछला विधानसभा चुनाव 2022 में हुआ था। 182 सीटों में से 156 पर भाजपा ने जीत दर्ज की थी। भूपेंद्र पटेल मौजूदा मुख्यमंत्री हैं। 1998 से गुजरात में लगातार बीजेपी की सरकार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद यहां लगातार तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं।

महाराष्ट्र: महाराष्ट्र में NDA सरकार है। 2024 में 288 सीटों पर हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा को 132 सीटों पर जीत मिली थी। एकनाथ शिंदे की अगुआई वाली शिवसेना को 57 सीटें मिलीं थीं। देवेंद्र फडणवीस मुख्यमंत्री हैं। शिंदे और अजित पवार को डिप्टी सीएम बनाया गया है।

गोवा: 40 विधानसभा सीटों वाले गोवा में प्रमोद सावंत NDA के मुख्यमंत्री हैं। 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को 26 सीटों पर जीत मिली थी। भाजपा के पास यहां एक-एक लोकसभा और राज्यसभा की सीटें हैं। प्रमोद सांवत लगातार दूसरी बार गोवा के मुख्यमंत्री बने।

## रॉयल पत्रिका संपादकीय

# आखिरकार पांच साल बाद RBI ने कर दी रेपो दर में कटौती

भारतीय रिजर्व बैंक ने आखिरकार लंबे इंतजार के बाद, रेपो दर में पच्चीस आधार अंक की कटौती की है। करीब पांच वर्ष पहले चालीस आधार अंक की कटौती की गई थी, जिससे ब्याज दर चार फीसद पर पहुंच गई थी। मगर बढ़ती महंगाई पर काबू पाने के मकसद से तीन वर्ष पहले थोड़े-थोड़े अंतराल पर पांच बार पच्चीस-पच्चीस आधार अंकों की बढ़ोतरी की गई, जिससे ब्याज दर साढ़े छह फीसद पर पहुंच गई। तब से यह दर इसी स्तर पर बनी हुई थी। रेपो दर ऊंची होने का असर बैंकों से लिए गए कर्ज के ब्याज पर पड़ रहा था।

जिन लोगों ने मकान, वाहन या किसी रोजगार के लिए कर्ज लिए हैं, उन्हें अधिक ब्याज चुकाना पड़ रहा था। इसलिए मांग की जा रही थी कि रेपो दर में कटौती की जाए। मगर रिजर्व बैंक इस दिशा में कदम बढ़ाने से इसलिए हिचक रहा था कि महंगाई पर काबू पाना चुनौती बना हुआ था। अब महंगाई का रुख कुछ नीचे की तरफ नजर आने लगा है। अगले वित्त वर्ष में इसके चार फीसद के आसपास रहने का अनुमान है। रिजर्व बैंक का लक्ष्य भी यही है कि महंगाई को चार फीसद के आसपास समेट दिया जाए।

कर्ज पर ब्याज का बोझ होगा कम

स्वाभाविक ही, रेपो दर में कटौती से मकान, वाहन आदि के लिए कर्ज पर ब्याज का बोझ कुछ कम होगा। दरअसल, केंद्रीय दर में बढ़ोतरी इसलिए की जाती है कि बाजार में पूंजी के प्रवाह को रोका जा सके, मांग घटे, ताकि महंगाई की दर नीचे उतरनी शुरू हो जाए। इसलिए रेपो दर में कटौती से बाजार में पूंजी का प्रवाह कुछ बढ़ सकेगा। इस तरह मांग भी कुछ बढ़ेगी। मगर देखने की बात है कि केवल पच्चीस आधार अंक की कटौती से बाजार में छाई सुस्ती कितनी टूट पाएगी। दरअसल, बैंकों का कारोबार भी काफी मंद पड़ा हुआ है। इसलिए वे एकदम से रेपो दर में हुई कटौती का लाभ अपने ग्राहकों को देना शुरू कर देंगे, कहना मुश्किल है। लंबे समय से रेपो दर ऊंची रहने से लोगों ने वाहन और मकान वगैरह खरीदने से हाथ रोक रखा था, ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि फिर से लोग इन क्षेत्रों की तरफ आकर्षित होंगे।

कई मामलों में घटी प्रति व्यक्ति आय

सबसे चिंता की बात पिछले कुछ समय से विनिर्माण क्षेत्र में गिरावट बनी हुई थी। जिस विनिर्माण क्षेत्र के बल पर सकल घरेलू उत्पादन ऊंचा बना हुआ था, वह मांग घटने की वजह से तीन फीसद के आसपास सिमट गया है। तेजी से बिकने वाले उपभोक्ता उत्पाद की बिक्री पर भी बुरा असर देखा जाने लगा है। ऐसे में, रेपो दर में कटौती का कुछ अच्छा असर विनिर्माण क्षेत्र पर पड़ने की उम्मीद है।

मगर, बाजार में छाई सुस्ती और मांग में कमी आने की वजह केवल ऊंची रेपो दर नहीं है। इसका सबसे बड़ा कारण प्रति व्यक्ति आय में कमी है। कोरोना की बंदी के बाद बाजार तेजी से पटरी पर तो लौटा, मगर लोगों की आमदनी में बढ़ोतरी नहीं हो पाई। कई मामलों में प्रति व्यक्ति आय घटी है, जबकि उसकी तुलना में महंगाई काफी बढ़ गई है। इसलिए लोगों ने अपने दैनिक उपभोग में कटौती की है। रेपो दर में कटौती से जरूर लोगों की जेब पर पड़ने वाला बोझ कुछ कम होगा, मगर पच्चीस आधार अंक की कटौती इतनी मामूली है कि वह लोगों के उपभोग व्यय के रूप में रूपांतरित हो पाएगी, कहना मुश्किल है।

# BJP ने केजरीवाल को 'कट्टर बेईमान' साबित किया, प्रवेश वर्मा को अघोषित CM बनाया, मुफ्त की योजनाओं को नहीं छेड़ा





तीन बार लगातार दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे अरविंद केजरीवाल नई दिल्ली से चुनाव हार गए। डिप्टी CM रहे मनीष सिसोदिया भी अपनी सीट नहीं बचा पाए। 12 साल बाद आम आदमी पार्टी दिल्ली की सत्ता से बाहर हो गई है, लेकिन ये तख्तापलट कैसे हुआ? जानते हैं 11 पॉइंट्स में...

1. तिहरे हमले से 'ब्रांड केजरीवाल' को डैमेज किया

i. ED-CBI ने केजरीवाल को जेल भेजा, BJP ने मुद्दा बनाया

नवंबर 2021 में केजरीवाल सरकार नई शराब पॉलिसी लेकर आई। 6 महीने बाद ही LG वीके सक्सेना ने पॉलिसी में गड़बड़ी बताते हुए CBI जांच की मांग कर दी। अगस्त 2022 में CBI ने करप्शन और ED ने मनी लॉन्ड्रिंग के केस दर्ज किए। 21 मार्च को ED ने केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया।

केजरीवाल कुल 177 दिन जेल में रहे। BJP ने अपने चुनावी कैंपेन में इसे मुद्दा बनाया। केजरीवाल खुद को 'कट्टर ईमानदार' कहते थे और BJP ने उन्हें बार-बार 'कट्टर बेईमान' कहा।

2012 में आम आदमी पार्टी एंटी करप्शन मूवमेंट से ही खड़ी हुई थी। BJP के इस कैंपेन से केजरीवाल की इमेज को काफी नुकसान पहुंचा।

ii. केजरीवाल के सरकारी बंगले के रेनोवेशन पर 45 करोड़ खर्च को मुद्दा बनाया

केजरीवाल के सरकारी बंगले के रेनोवेशन पर 45 करोड़ रुपए खर्च किए जाने को BJP ने मुद्दा बनाया। मोदी ने इसे शीशमहल कहा और हर चुनावी रैली में इसका जिक्र किया।

5 जनवरी की रैली में PM ने 5 बार शीशमहल का जिक्र किया। बजट सत्र में भी मोदी ने संसद में बिना नाम लिए इस मुद्दे का जिक्र किया। BJP ने इस मुद्दे के जरिए उस नैरेटिव को कमजोर कर दिया, जिसमें केजरीवाल खुद को हवाई चप्पल पहनने वाला आम आदमी दिखाते थे और कहते थे कि वे CM बनने के बाद भी सरकारी बंगले में नहीं रहेंगे।

iii. केजरीवाल की संपत्ति 40 गुना बढ़ने का आरोप

चुनाव के दौरान BJP ने केजरीवाल की संपत्ति में बढ़ोतरी का मुद्दा भी उठाया। BJP अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा था- 'केजरीवाल ने 2020-21 में अपनी आय 45 लाख रुपए घोषित की थी, जो 2019-20 की आय से 40 गुना ज्यादा है। हैरानी की बात है कि जब दुनिया भर की इनकम कोविड के चलते कम हो गई थी, लोगों की कमाई घट गई थी, तब केजरीवाल की आमदनी 40 गुना हो गई।'

इससे भी केजरीवाल पर करप्शन के आरोप लगे और उनकी ईमानदारी वाली इमेज कमजोर साबित हुई।

2. केजरीवाल के खिलाफ मोदी खुद चेहरा बने

BJP ने इस चुनाव को PM मोदी बनाम केजरीवाल बनाया। प्रधानमंत्री ने अपने नाम पर वोट मांगे। 29 जनवरी को करतार नगर की रैली में PM ने साफ तौर पर कहा- 'दिल्ली में मोदी को सेवा करने का मौका दीजिए।'

i. 5 रैलियों में 33 बार 'मोदी की गारंटी' का जिक्र

लोकसभा चुनाव में PM ने 'मोदी की गारंटी' शब्द का इस्तेमाल किया था, लेकिन उसके बाद हुए हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र और झारखंड के चुनाव में इसका जिक्र नहीं किया। यह स्थानीय नेताओं को आगे रखने की रणनीति थी, लेकिन दिल्ली में PM ने 'मोदी की गारंटी' पर वोट मांगे।

उन्होंने 5 जनवरी को रोहिणी में हुई रैली में 2 बार 'मोदी की गारंटी' का जिक्र किया। 29 जनवरी को करतार नगर में 4 बार, 31 जनवरी की रैली में 3 बार और 2 फरवरी की रैली में 24 बार 'मोदी की गारंटी' शब्द का जिक्र किया।

ii. 5 रैलियों में 78 बार 'मोदी' शब्द का जिक्र

मोदी ने इस चुनाव में हर सभा में खुद के नाम पर वोट मांगे। 3 जनवरी को अशोक बिहार में PM ने 20 बार मोदी शब्द का जिक्र किया। 5 जनवरी को रोहिणी में 4 बार, 29 जनवरी को करतार नगर में 19 बार, 31 जनवरी को द्वारका में 12 बार और 2 फरवरी को आरकेपुरम की रैली में 23 बार मोदी शब्द का जिक्र किया।

iii. 5 रैलियों में 20 बार कांग्रेस और 178 बार आप का नाम लिया

मोदी ने 3 जनवरी और 5 जनवरी की रैलियों में कांग्रेस का एक बार भी जिक्र नहीं किया। कुल 5 रैलियों में PM ने कांग्रेस का जिक्र सिर्फ 20 बार किया, जबकि आप का जिक्र 178 बार किया। यानी कांग्रेस से 9 गुना ज्यादा।

एक्सपर्ट्स के मुताबिक BJP चाहती थी कि कांग्रेस, आम आदमी पार्टी का नुकसान करती रहे। सीधे-सीधे आप को टारगेट करके BJP ऐसा करने में कामयाब रही।

iii. ब्रांड मोदी ने 76% स्ट्राइक रेट के साथ 38 सीटें जिताईं

3 जनवरी 2024 से 2 फरवरी 2024 के बीच PM मोदी ने कुल 5 रैलियां कीं। इन रैलियों से उन्होंने दिल्ली की 50 सीटों को कवर किया। BJP, 50 में से 38 सीटें जीत गई। यानी करीब 76% स्ट्राइक रेट के साथ।

3. प्रवेश वर्मा को अघोषित रूप से CM चेहरा बनाया

BJP ने चुनावों में विरोधी पार्टी के सबसे बड़े चेहरे को घेर कर हराने की रणनीति दिल्ली में भी आजमाई और कामयाब रही। केजरीवाल से पहले BJP 2019 लोकसभा चुनाव में अमेठी से राहुल गांधी और 2021 के विधानसभा चुनाव में नंदीग्राम से ममता बनर्जी को हरा चुकी है।

दिल्ली में इस स्ट्रैटजी को कामयाब करने के लिए BJP ने अपने सबसे बड़े चेहरा प्रवेश वर्मा को केजरीवाल के खिलाफ नई दिल्ली सीट से उतारा। प्रवेश वर्मा दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के बेटे हैं और जाटों के बड़े नेता भी।

प्रवेश वर्मा को लोकसभा चुनाव में टिकट नहीं दिया गया, तभी से BJP कैडर में चर्चा चलने लगी कि उन्हें दिल्ली विधानसभा का टिकट दिया जाएगा। जीते तो CM भी बनाया जाएगा। हालांकि इसकी न तो औपचारिक घोषणा की गई और न खंडन।

सांसद न होने के बावजूद प्रवेश वर्मा से नई दिल्ली में उनका सरकारी आवास वापस नहीं लिया गया। उन्होंने अपना पूरा चुनाव अभियान इसी आवास से चलाया। आम आदमी पार्टी लगातार प्रवेश पर मुफ्त के सामान और पैसे बांटने के आरोप लगाती रही, लेकिन प्रवेश के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। इन सभी वजहों से केजरीवाल के सामने प्रवेश वर्मा CM पद के एक मजबूत दावेदार साबित हुए। इस परसेप्शन का उनकी जीत में अहम रोल रहा।

4. 67% आबादी वाले मिडिल क्लास पर फोकस

i. वोटिंग से 3 दिन पहले 12 लाख तक इनकम टैक्स फ्री करने की घोषणा

दिल्ली में 67% आबादी मिडिल क्लास है। पिछले चुनावों में मिडिल क्लास ने आप को एकतरफा वोट किया था। इस बार BJP ने अपने चुनावी कैंपेन में मिडिल क्लास को टारगेट किया।

दरअसल, 22 जनवरी को आप ने अपना मेनिफेस्टो जारी किया था। इसमें आप ने केंद्र सरकार से इनकम टैक्स स्लैब की लिमिट 7 लाख से बढ़ाकर 10 लाख करने की मांग की थी। दिल्ली चुनाव से तीन दिन पहले केंद्र सरकार ने बजट पेश किया। इसमें 12 लाख तक की इनकम को टैक्स फ्री कर दिया। यानी आप की डिमांड से भी ज्यादा छूट दे दी।

BJP ने चुनाव के दौरान इसका जमकर प्रचार भी किया। अखबारों में विज्ञापन दिए और दिल्ली चुनाव में BJP को वोट करने की अपील की। PM मोदी ने भी अपने भाषणों में इनकम टैक्स में छूट का दायरा बढ़ाने का जिक्र किया।

आरकेपुरम की रैली में मोदी ने कहा- 'साल के 12 लाख कमाने वालों को इतनी बड़ी राहत कभी नहीं मिली। नेहरू जी के जमाने में आप 12 लाख कमाते होते, तो आपकी कमाई का एक चौथाई हिस्सा सरकार वापस ले लेती थी। 10-12 साल पहले तक कांग्रेस की सरकार में अगर आप 12 लाख कमाते, तो आपको 2.6 लाख रुपए टैक्स देना पड़ता।'

दिल्ली में करीब 3.38 करोड़ लोग रहते हैं। इनमें से 40 लाख टैक्सपेयर्स हैं।

ii. एक ही रैली में 15 बार मिडिल क्लास का जिक्र

3 जनवरी को पीएम ने अशोक विहार में रैली के दौरान 8 बार मिडिल क्लास शब्द का जिक्र किया। 31 जनवरी को PM ने द्वारका में रैली के दौरान अपनी स्पीच में 8 बार मिडिल क्लास शब्द का जिक्र किया। 1 फरवरी बजट के बाद मोदी ने अपनी स्पीच में 4 बार मिडिल क्लास शब्द का जिक्र किया। इसके अगले दिन आरकेपुरम में एक रैली के दौरान PM ने 15 बार मिडिल क्लास शब्द का जिक्र किया।

बजट का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा- 'कल का बजट मिडिल क्लास के लिए फ्रेंडली बजट है। इसके लागू होने के बाद कपड़े, जूते, टीवी, मोबाइल फोन ऐसे कई चीजों की मैनुफैक्चरिंग सस्ती होंगी। हिंदुस्तान के विकास में हमारे मिडिल क्लास का बहुत बड़ा योगदान है।'

iii. वोटिंग से 19 दिन पहले 8th पे कमीशन की घोषणा

16 जनवरी को केंद्र सरकार ने आठवें वेतन आयोग की घोषणा की। इसे सियासी गलियारों में दिल्ली चुनाव से जोड़कर देखा गया। PM मोदी ने भी अपने चुनावी भाषणों में आठवें वेतन आयोग का बखूबी इस्तेमाल किया। 2 फरवरी को PM ने मिडिल क्लास का जिक्र करते हुए दिल्ली के आरकेपुरम में कहा- 'आठवें वेतन आयोग के बाद आपकी सैलरी और पेंशन दोनों बढ़ने वाली है। दरअसल, दिल्ली में करीब 4 लाख लोग सैलरी वाले हैं।

5. 27 सीटों पर पूर्वांचल के वोटर्स हावी, इनके लिए खास रणनीति बनाई

दिल्ली की आबादी 3.38 करोड़ है। इसमें करीब 30 प्रतिशत UP, बिहार और झारखंड के लोग हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक 70 में से 27 सीटों पर पूर्वांचल के वोटर्स का अच्छा प्रभाव है। पिछले चुनाव में आप के 12 विधायक बिहार-पूर्वांचल रीजन के थे।

i. पूर्वांचल के 100 नेताओं को प्रचार में लगाया

BJP ने 100 से ज्यादा यूपी बिहार के नेताओं को दिल्ली चुनाव में ग्राउंड पर उतारा था। इस टीम की कमान बस्ती के पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी को सौंपी गई थी। इन नेताओं ने उन इलाकों में सौ से ज्यादा छोटी-बड़ी बैठकें कीं। सांसद मनोज तिवारी ने केजरीवाल के घर के बाहर पूर्वांचल सम्मान मार्च भी निकाला था।

ii. बजट में बिहार पर फोकस, UP के बाद सबसे ज्यादा पैसा दिया

1 फरवरी को वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट के दौरान बिहार की मधुबनी पेंटिंग वाली साड़ी पहनी। बजट में बिहार में मखाना बोर्ड, तीन ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी खोलने की घोषणा की। यूपी के बाद बिहार को ही बजट में सबसे ज्यादा 1.43 लाख करोड़ रुपए मिले।

# सत्ता की धुरी बनतीं महिला मतदाता



विमर्श
डॉ. मोनिका शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार व स्तंभकार

आम चुनावों से लेकर विधानसभा चुनावों तक आधी आबादी की सियासी लामबंदी स्पष्ट अब दिखने लगी है। राजधानी दिल्ली के विधानसभा चुनाव परिणामों में भी महिला वोटर्स के झुकाव का असर स्पष्ट नजर आया। 1998 से लेकर 2025 तक लंबे अर्से से सत्ता के बाहर रही बीजेपी की वापसी के पीछे भी महिला मतदाताओं ने अहम भूमिका निभाई है। 70 सीटों वाली दिल्ली विधानसभा में बीजेपी ने 48 सीटों के साथ स्पष्ट बहुमत हासिल किया है।

ध्यातव्य है कि दिल्ली में सरकार बनाने के लिए 36 सीटों पर जीत आवश्यक है। महिलाओं के लिए फ्री बस यात्रा से लेकर घरेलू मोर्चे पर मुफ्त पानी-बिजली देने वाली आम आदमी पार्टी के जादू को तोड़ने वाली यह जीत बीजेपी ने भी महिलाओं से लिए बहुत सी योजनाओं का वादा करके हासिल की है। असल में महिला मतदाताओं में बनती बुनियादी मुद्दों से जुड़ी सरोकारी समझ के साथ ही बढ़ता मतदान प्रतिशत भी सत्ता का खेल बनाने-बिगाड़ने वाला साबित होने लगा है।

## आधी आबादी की वोटिंग ज्यादा

इस बार राजधानी दिल्ली की कुल 70 विधानसभा सीटों पर 60.54 प्रतिशत मतदान हुआ। चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली में 94 लाख 51 हजार 997 लोगों ने वोट डाले। महिलाओं ने न केवल मतदान प्रक्रिया में काफी उत्साह दिखाया बल्कि कई विधानसभाओं में तो पुरुषों से अधिक मतदान किया। ज्ञात हो कि दिल्ली में कुल पंजीकृत महिला मतदाताओं की संख्या 72,36,560 और पुरुष वोटर्स का आंकड़ा 83,76,173 है। आधी आबादी की वोटिंग का आंकड़ा 60.92 फीसदी रहा। वहीं 60.20 प्रतिशत पुरुषों ने मतदान किया। 5 फरवरी को हुए मतदान में देश का पावर सेंटर कही जाने वाली राजधानी दिल्ली की कुल 70 विधानसभाओं को मिलाकर महिला-पुरुष वोटरों की तुलना में महिलाओं ने 0.72 प्रतिशत अधिक मतदान किया।

## महिला वोटर्स को लुभाया

महिला वोटर्स की प्रभावी भागीदारी के चलते ही दिल्ली के चुनावी मैदान में उतरे सभी दलों की सहयोगी योजनाओं के केंद्र में आधी आबादी को लुभाने की खूब कवायद की। आर्थिक सहायता देने से लेकर मुफ्त सुविधाएं देने तक, महिलाओं के लिए बहुत सी घोषणाएं की गईं थीं। महिला मतदाताओं को रिझाने के प्रयासों की सबसे पहली कोशिश 10 साल के दिल्ली की बागडोर सम्भाल रही आम आदमी पार्टी ने की थी।

## घोषणाएं राजनीति का हिस्सा

पहले भी महिला वोटर्स को मुफ्त सुविधाएं देकर सत्ता में आई आम आदमी पार्टी ने महिला सम्मान योजना के तहत दी जाने वाली राशि को इस बार 1000 रुपये से बढ़ाकर 2100 रुपये करने का निर्णय किया था। वहीं दिल्ली विधानसभा चुनाव-2025 में कांग्रेस ने भी आधी आबादी के लिए अपना पिटारा खोलने में कोताही नहीं की। ध्यातव्य है कि कभी दिल्ली की राजनीति में मजबूत उपस्थिति रखने वाली कांग्रेस पार्टी



पिछले दो विधानसभा चुनावों में अपना खाता तक नहीं खोल सकी है। ऐसे में चुनाव से पहले महिलाओं के लिए बड़ा ऐलान करते हुए कांग्रेस ने भी सत्ता में आने पर प्यारी दीदी योजना के तहत महिलाओं को हर महीने 2,500 रुपये देने का वादा किया था। साथ ही महंगाई मुक्ति योजना के तहत 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने की बात भी कही थी। निःसंदेह, दोनों ही दलों की ऐसी योजनाएं महिलाओं को प्रभावित करने की राजनीति का हिस्सा थीं। वहीं 26 साल बाद दिल्ली की सत्ता में वापसी करने में सफल रही भारतीय जनता पार्टी ने भी महिलाओं को 2,500 रुपये की सम्मान राशि भी देने का ऐलान किया था। ज्ञात हो कि बीजेपी ने विधानसभा चुनाव जीतने पर 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर देने की भी घोषणा की थी। साथ ही घोषणाओं में विधवाओं, बेसहारा महिलाओं की पेंशन 2,500 से बढ़ाकर 3,000 रुपये करने और हर गर्भवती महिला को 21,000 रुपये दिये जाने की बात भी शामिल थी।

## भाजपा पर जताया विश्वास

दिल्ली विधानसभा के परिणाम बताते हैं कि मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के विधानसभा चुनावों में महिलाओं को आर्थिक सहयोग देने वाली योजनाओं का सकारात्मक असर देख चुकी भारतीय जनता पार्टी के वादों पर फिर से महिला वोटर्स ने भरोसा किया है।

## सजगता का प्रतीक

कहना गलत नहीं होगा कि महिलाओं का बढ़ता मतदान प्रतिशत योजनाओं और मुफ्त सुविधाओं की घोषणाओं से परे उनकी सजगता का भी प्रतीक है। देश की आधी आबादी अब राष्ट्र के नव-निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करने के इस अधिकार के मायने समझने लगी हैं। गौरतलब है कि इस बार सत्ता गंवाने वाली आम आदमी को 2020 में मिली जीत के पीछे भी महिला मतदाताओं की अहम भूमिका थी। वर्ष 2020 के चुनाव में 31 विधानसभा क्षेत्रों और साल 2015 में 15 विधानसभा क्षेत्रों में महिलाओं का मत प्रतिशत पुरुषों से ज्यादा था।

असल में अपने परिवेश के प्रति जागरूक होने के चलते स्त्रियां अब गंभीर और सजग वोटर्स बन गई हैं। महिला वोटर्स की इस जागरुकता के चलते राजनीतिक पार्टियां महिलाओं को उम्मीदवार बनाने में भी दिलचस्पी दिखाती हैं। वहीं मतदान का अधिकार महिलाओं को हर भेदभाव से परे एक नागरिक के रूप में बराबरी का अहसास करवाता है। समानता, सुरक्षा और अपना अस्तित्व संवारने हेतु सहज परिवेश पाने के लिए महिलाएं पूरे उत्साह से वोट देने निकलती हैं। नतीजतन, देश के राजनीतिक परिदृश्य में एक मतदाता के रूप में स्त्रियों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो गई है।

## वोटिंग को लेकर महिलाएं सजग

विचारणीय है कि परंपरागत सामाजिक-पारिवारिक ढांचे वाले भारतीय समाज में स्त्रियाँ मतदान के मोर्चे स्वतंत्र राय भी रखने लगी हैं। 2014 के आम चुनावों के समय हुए 'सेंटर फॉर स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसायटी' के एक सर्वे के मुताबिक़ 70 फीसदी महिला मतदाता वोट डालने में अपने पतियों से राय लेने के बजाय स्वतंत्र निर्णय करती हैं। बीते एक दशक में तो यह आंकड़ा और बढ़ा ही है। स्त्रियां अपना मत देने को लेकर बेहद सजग हुई हैं। इतना ही नहीं, स्त्रियों में मतदान के प्रति कर्तव्य बोध का भाव भी खूब दिखता है। मतदान के अधिकार और कर्तव्य के मोर्चे पर महिला वोटर्स की बढ़ती भागीदारी व्यक्तिगत जीवन में ही नहीं सामाजिक, पारिवारिक और राजनीतिक मोर्चे पर भी सकारात्मक बदलाव की बानगी है। चुनावी खेल बदलने वाली यह भागीदारी बहुत से पहलुओं पर आ रहे परिवर्तन को सामने रखती है।

# घोटालों ने डुबाई 'आप' की नैया



विश्लेषण
योगेश कुमार सोनी
वरिष्ठ पत्रकार

आखिरकार दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बन ही गई और 27 सालों का सूखा खत्म हुआ। राजधानी की जीत हर राज्य से बड़ी जीत मानी जा रही है चूंकि बीते दशकभर में बीजेपी केंद्र के अलावा कई राज्यों में सरकार बनाने में कामयाब हुई लेकिन यहां मोदी लहर के बावजूद भी केजरीवाल दिल्ली में सत्ता पर काबिज रहे। बीजेपी ने 70 में से 48 सीटों पर कब्जा किया और आम आदमी पार्टी को केवल 22 सीटों पर ही संतोष करना पड़ा और कांग्रेस इस बार भी शून्य पर रही।

## मोदी पर जताया विश्वास

माना यह भी जा रहा था कि यदि इस बार दिल्ली में बीजेपी की सरकार नहीं बनती तो बीजेपी के सम्मान को ठेस व छवि पर बड़ा डेन्ट पड़ जाता। लेकिन इस बार दिल्ली को बीजेपी के रूप में डबल इंजन की सरकार मिल गई और जनता ने मोदी के चेहरे पर विश्वास किया। जैसा कि बीजेपी अंत तक सीएम चेहरे की घोषणा नहीं करती तो दिल्ली को लेकर भी वही रणनीति अपनाई और कामयाब भी हुए। आम आदमी पार्टी की स्थिति इतनी दयनीय हुई कि चोटी के नेता भी अपनी सीट बचाने में कामयाब नहीं हो पाए।

यदि सबसे पहले आप संयोजक व पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की बात करें तो वह भी नई दिल्ली से प्रवेश वर्मा से हार गए। वहीं पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को भी हार का सामना करना पड़ा, वह जंगपुरा से लड़े थे। सतेन्द्र जैन, सोमनाथ भारती, सौरभ भारद्वाज व दुर्गेश पाठक समेत कुछ अन्य बड़े चेहरे भी अपनी सीट नहीं बचा पाए। हालांकि मौजूदा सीएम आतिशी ने अपनी सीट जीतकर थोड़ी सी साख बचा ली। लेकिन अब आम से लेकर खास तक के मन में एक ही प्रश्न है जिस पार्टी ने दो बार पूर्ण बहुमत से रिकॉर्डतोड़ जीत हासिल की थी, आखिर उसका किला इतनी बुरी तरह क्यों ढह गया।

## शराब घोटाले का लगा दाग

वैसे तो कई कारण रहे लेकिन कुछ मुख्य वजहों से आम आदमी पार्टी की स्थिति खराब होती चली गई। सबसे पहली व बड़ी वजह शराब नीति बनी जिसकी वजह से दिल्लीवासियों ने अपने आप को बहुत ठगा व कुंठित महसूस किया। शराब नीति के तरह दिल्ली के हर एक वार्ड में तीन शराब के ठेके खोले गए थे और वह उन जगहों में खोले गए जो कॉलोनी के बीचोंबीच थे। इस बात से जनता बहुत नाराज हुई थी। मामला यहां तक पहुंच गया था कि आप अपने दामन पर लगे शराब घोटाले के दाग को छुड़ा नहीं पाई। बीजेपी ने पिछले तीन साल में इस मुद्दे पर जमकर घेरा। हालात यह थी कि इस मामले में अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और राज्य सभा सांसद संजय सिंह को जेल जाना पड़ा।

## जल बोर्ड घोटाला भी बना मुद्दा

बीजेपी इस मुद्दे को लेकर लगातार प्रदर्शन करती रही और घेरती रही। बीजेपी नेताओं ने इस मुद्दे को गर्म रखा और हर जगह इस घोटाले की चर्चा करते रहे। इसके अलावा दिल्ली जल बोर्ड घोटाला ने भी आप को परेशान किया। इस मामले



में ठेकेदारों से पैसे वसूलने के लिए ठेकों को कम पैसे पर छोड़ने का आरोप लगा था। इस मामले की जांच अब तक ईडी कर रही है। अरविंद केजरीवाल इस मामले में भी आरोपी हैं।

इसके अलावा बीते लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ गठबंधन करना भी आम आदमी पार्टी को भारी पड़ा और हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में गठबंधन नहीं हुआ तो आप-कांग्रेस के नेता एक-दूसरे पर आरोप लगाते नजर आए, जैसा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव के बीच ज्यादा समय नहीं था तो जनता बातों को भूल भी नहीं पाई।

## आप विधायकों ने छोड़ा साथ

इससे जनता में अविश्वास बढ़ा। साथ ही बीजेपी के लिए सोने पर सुहागा इसलिए भी हो गया कि दिल्ली में जब चुनाव प्रचार चरम पर था तो आम आदमी पार्टी के सात विधायक पार्टी छोड़कर बीजेपी में शामिल हो गए थे।

इससे पहले आप के कई कैबिनेट मंत्री भी पार्टी का साथ छोड़कर दूसरी पार्टियों में शामिल हो गए थे। इनमें कैलाश गहलोत और राजेंद्र पाल गौतम मुख्य माने जा रहे थे।

बता दें कि ये दोनों नेता कभी 'आप' के मुख्य चेहरा हुआ करते थे। इस बात का भी असर आप के चुनाव परिणाम पर पड़ा।

## स्वाति मालीवाल का पिटाई कांड

आम आदमी पार्टी लोगों में यह धारणा बना पाने में नाकाम रही कि पार्टी में सबकुछ ठीक-ठाक है और वहां नेतृत्व का कोई संकट नहीं है लेकिन सच्चाई सबको पता चल गई। स्वाति मालीवाल के पिटाई कांड से भी पार्टी को बड़ी क्षति हुई और उस कांड के बाद स्वाति ने अपनी पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया और पार्टी की आंतरिक बातों को बाहर उजागर करना शुरू कर दिया। बीते लगभग 6 महीने से स्वाति मालीवाल ने अपनी ही पार्टी के खिलाफ एक मुहिम सी छेड़ दी जिससे पार्टी के कुछ अन्य नेताओं का भी विश्वास टूटा, साथ ही जनता में एक बड़ा नकारात्मक संदेश गया और पार्टी को बड़े स्तर पर नुकसान हुआ। वहीं इस चुनाव में कांग्रेस भले ही कोई सीट नहीं जीत पाई हो लेकिन वह अपना वोट फीसदी बढ़ा पाने में कामयाब रही है। कांग्रेस को 2020 के चुनाव में 4.26 फीसदी वोट मिले थे और इस बार लगभग 7 प्रतिशत वोट मिले।

कांग्रेस को जितना भी वोट प्रतिशत बढ़ा वो आम आदमी पार्टी का ही माना जा रहा है। इन तमाम बड़े मुद्दों को बीजेपी ने जमकर भुनाया और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नारे ने कई 'बंटोगे तो कटोगे' के नारे से कई राज्यों में बीजेपी को जीत में मदद मिली। दिल्ली में योगी के इस नारे का जादू चला और योगी ने कुल 14 विधानसभा सीटों पर प्रचार किया था जिसमें से 11 सीटों पर जीत मिली है।

## भाजपा का आक्रामक प्रचार

वहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केन्द्रीय गृहमंत्री के अलावा भाजपा शासित कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ कई बड़े चेहरों ने जमकर प्रत्याशियों के लिए प्रचार किया।

इस बार भाजपा की ओर से बहुत पहले से ही माहौल बना हुआ था और जिस ऊर्जा के साथ लड़ रहे थे उससे यह तो तय हो गया था कि इस बार खेल बड़ा होगा। बीजेपी ने दिल्ली तो जीत ली लेकिन दिल्ली वालों का दिल जीतना अभी भी बाकी है। चूंकि पार्टी ने आम आदमी पार्टी के तर्ज पर जितनी बड़ी घोषणाएं की हैं उसको पूरा करना व निभाना बेहद चुनौतीपूर्ण होगा चूंकि बीजेपी अब तक भी आप को फ्री की योजनाओं को लेकर घेरती रही। अब बीजेपी के लिए भी खेल गुणवत्ताओं पर चलेगा चूंकि दावों और वादों की झड़ी बहुत ज्यादा व बड़ी है।

# मुख्यमंत्री का विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर बहस पर जवाब

## -8 करोड़ लोगों का कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता
## -केन्द्रीय बजट में शामिल किए गए प्रदेश के विकास प्रस्ताव



जयपुर(रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर हुई बहस का जवाब देते हुए कहा कि हमारी सरकार का मुख्य उद्देश्य जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाते हुए प्रदेश को खुशहाल व विकसित बनाने का है। राज्य सरकार गरीब, युवा, अन्नदाता, महिला के साथ-साथ समस्त वंचित वर्गों के उत्थान के लिए कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा विकसित भारत 2047 हेतु दिये गये विजन के आधार पर काम किया जा रहा है।

**प्रधानमंत्री ने जेजेएम की अवधि मार्च 2028 तक बढ़ाई-**
मुख्यमंत्री ने कहा कि गत सरकार के समय जल जीवन मिशन में प्रदेश सम्पूर्ण देश में अंतिम पायदान पर खड़ा था। कार्य की गति धीमी थी, इस कारण मार्च 2025 में जेजेएम समाप्ति पर लाखों घर इस योजना का लाभ लेने से वंचित रह जाते। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केन्द्रीय बजट में जेजेएम की अवधि बढ़ाकर मार्च 2028 तक कर दी है। यह हमारी डबल इंजन की सरकार की शक्ति से संभव हुआ है।

शर्मा ने कहा कि गत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन में भ्रष्टाचार और घोटाले किए गए थे। हमारी सरकार इनकी जांच करवा रही है। गत सरकार के समय योजना के तहत टेंडर्स में अत्यधिक प्रीमियम आ रहा था, उस पर भी अब नियंत्रण हो गया है। इसी तरह गत सरकार के समय सहकारिता विभाग द्वारा दुर्घटना एवं जीवन बीमा के लिए प्रीमियम राशि 450 करोड़ रूपये से अधिक हो गई थी, जबकि अब वह 269 करोड़ रूपये ही है।

**केन्द्रीय करों में राज्य की हिस्सा राशि वर्ष 2025-26 के लिए 85 हजार 716 करोड़ रूपये-**
शर्मा ने कहा कि राज्यों को पूंजीगत निवेश के लिए उपलब्ध कराई जा रही सहायता तथा ऊर्जा क्षेत्र में सुधार के लिए दिये गये अतिरिक्त ऋण का महत्व है। पन्द्रहवें वित्त आयोग के तहत केन्द्र सरकार द्वारा आगामी वर्ष भी इन प्रावधानों को सहमति प्रदान की गई है। इन प्रावधानों के तहत राज्य को 18 हजार करोड़ रूपये से अधिक की राशि प्राप्त होगी। केन्द्रीय करों में राज्य की हिस्सा राशि को भी 75 हजार 156 करोड़ रूपये में 14 प्रतिशत से अधिक वृद्धि करते हुए वर्ष 2025-26 के लिए 85 हजार 716 करोड़ रूपये कर दिया गया है।

**केन्द्र सरकार के आम बजट वर्ष 2025-26 में हुई ऐतिहासिक घोषणाएं-**
मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार ने आम बजट वर्ष 2025-26 में ऐतिहासिक घोषणाएं कर आत्मनिर्भर भारत की ओर एक और मजबूत कदम बढ़ा दिया है। अब वह दिन दूर नहीं, जब हमारे देश की अर्थव्यवस्था दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगी। उन्होंने कहा कि इस बजट की वजह से राजस्थान में भी 12 लाख वार्षिक आय वाले मध्यम वर्ग व नौकरी पेशा लोगों को अब किसी प्रकार का आयकर नहीं देना होगा। इससे आमजन की जेब में जब ज्यादा पैसा आयेगा और वह निश्चित तौर पर ज्यादा खर्च करेगा। उन्होंने कहा कि 77 लाख से अधिक अन्नदाताओं, किसानों के लिए केसीसी की सीमा को 3 लाख से बढाकर 5 लाख किया गया है। साथ ही, प्रदेश में 6 लाख गिग वर्कर्स को पंजीकृत कर पीएम जन आरोग्य योजना से जोड़ने का फैसला आम बजट में लिया गया है। उन्होंने कहा कि आमजन, कृषकों, निवेशकों एवं उद्यमियों को राहत देने की श्रृंखला में आर.बी.आई. द्वारा भी 0.25 प्रतिशत रेपो रेट में कमी की गई है।

**किसान सम्मान निधि 6 हजार से बढ़ाकर की 8 हजार रूपये-**
शर्मा ने कहा कि गत सरकार द्वारा अतार्किक रूप से थोथी घोषणाएं की गई। किसानों से 10 दिन में संपूर्ण कर्जमाफी का वादा कर वादाखिलाफी की गई। हमारी सरकार ने प्रथम वर्ष में ही प्रदेश के विकास का एक्शन प्लान घोषित किया है। उन्होंने कहा कि वह किसान परिवार से आते है, इसलिए किसानों की जरूरतों को समझते है। आपणो अग्रणी राजस्थान संकल्प पत्र के तहत किसान सम्मान निधि की राशि को दोगुना करने का वादा किया था। प्रथम फेज में इसे 6 हजार रूपये से बढाकर 8 हजार रूपये किया गया है।

**गत सरकार के कार्यकाल में लगभग आधी घोषणाएं अपूर्ण-**
मुख्यमंत्री ने कहा कि गत सरकार के कार्यकाल में कुल 4148 घोषणाओं में से लगभग आधी 1921 घोषणाएं अपूर्ण रही हैं। उनके कार्यकाल में 50 हजार करोड़ रूपये से भी अधिक की अनेकों घोषणाओं पर काम ही प्रारम्भ नहीं हुआ था। उन्होंने कहा कि जनहित का ध्यान रखते हुए हमने पहले बजट में 5 वर्षों की कार्ययोजना निर्धारित कर 1 हजार से अधिक घोषणाएं की हैं। हमारी सरकार ने लेखानुदान और परिवर्तित बजट में कुल 1272 बजट घोषणाएं की हैं जिसमें से 297 पूर्ण हो चुकी हैं। 488 बजट घोषणाओं के संबंध में प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृतियां जारी की गई है और काम भी प्रगतिरत है।

**एक वर्ष की अल्प अवधि में गरीब और किसानों को पहुंचाई मदद-**
शर्मा ने कहा कि गत सरकार के अंतिम वर्ष में 4232 स्कूटी वितरण हुई, जबकि हमारी सरकार के प्रथम वर्ष में ही 24 हजार 517 स्कूटियों का वितरण किया गया। हमने 88 हजार 800 टेबलेट का वितरण किया, जबकि गत सरकार के अंतिम वर्ष में यह संख्या शून्य रही। इसी प्रकार प्रथम वर्ष में 28 हजार 884 सोलर पम्प की स्थापना की गई जबकि गत सरकार के कार्यकाल में यह संख्या 1200 रही। हमारी सरकार ने एक वर्ष में नहरी तंत्र के माध्यम से 22 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई। गत सरकार के अंतिम वर्ष में यह आंकड़ा 12 हजार 492 रहा। हमने एक वर्ष में गौशालाओं को 1148 करोड़ रूपये की सहायता दी, जबकि गत सरकार ने अंतिम वर्ष में गौशालाओं को 733 करोड़ रूपये की ही सहायता दी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य बीमा योजना का दायरा बढ़ाते हुए कैंसर जैसी गम्भीर बीमारियों एवं शिशुओं के पैकेज आदि को सम्मिलित कर मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना (माँ योजना) लागू की गई। इसी प्रकार पशुधन बीमा में छोटे पशु भी शामिल करते हुए मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना लागू की गई है।

**रामजल सेतु लिंक परियोजना का दायरा बढ़ाया-**
मुख्यमंत्री ने कहा कि गत सरकार के समय ईआरसीपी को लटकाया, अटकाया और भटकाया गया। हमारी सरकार ने इस परियोजना का दायरा बढ़ाते हुए 'रामजल सेतु लिंक परियोजना' के रूप में धरातल पर क्रियान्वित करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि नवनेरा बैराज के अधूरे काम को पूरा कर माननीय प्रधानमंत्री जी के कर कमलों से लोकार्पण करवाया गया। प्रधानमंत्री की मौजूदगी में ही जयपुर में आयोजित "रामसेतु जल संकल्प कलश कार्यक्रम" में एमओए एक्सचेंज किया गया। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रस्तावित 3510 एमसीएम को बढ़ाकर 4102 एमसीएम जल प्राप्त करने का समझौता किया है। यह परियोजना भारत सरकार की राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य योजना का हिस्सा है। इस परियाजना के क्रियान्वयन हेतु 9 हजार 416 करोड़ रूपये के कार्यादेश जारी कर काम प्रारंभ कर दिया है। साथ ही, योजना को और आगे बढ़ाते हुए 12 हजार 64 करोड़ रूपये के 5 अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की निविदाएं जारी कर दी गई हैं।

**शेखावाटी की जमीन पर आएगा यमुना का जल-**
शर्मा ने कहा कि चूरू, सीकर, झुंझुनूं के प्यासे कंठों को पीने का पानी व 1 लाख 5 हजार हेक्टेयर प्यासी धरती की प्यास बुझाने का महत्ती कार्य किया जाएगा। शेखावाटी की जमीन पर यमुना का सरप्लस 1917 क्यूसेक पानी आएगा। उन्होंने कहा कि हम 19 हजार 136 करोड़ रूपये खर्च कर शेखावाटी के आम आदमी के सपने को साकार करेंगे।

**गत सरकार के कुप्रबंध से राज्य को नहीं मिला कोयला-**
मुख्यमंत्री ने कहा कि गत सरकार के कुप्रबंधन के कारण सितम्बर 2023 से कोयले की सप्लाई बन्द हो गई थी। हमने इस समस्या का समाधान करते हुए जनवरी 2024 से 40 हजार मेट्रिक टन कोयला प्रतिदिन प्राप्त करना प्रारंभ कर दिया है। उन्होंने कहा कि गत सरकार के गलत निर्णयों के कारण पारसा कोल ब्लॉक से भी कोयला उपलब्ध नहीं हो पाया। हमारी सरकार के प्रयासों से 8 हजार मेट्रिक टन कोयला उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि गत सरकार ने अपने कार्यकाल के अंतिम वर्ष में मात्र 543 मेगावाट विदुत उत्पादन की वृद्धि की, जबकि हमारी सरकार द्वारा एक साल के कार्यकाल में ही 2100 मेगावाट से अधिक विदुत उत्पादन की वृद्धि की है।

**भर्ती प्रक्रियाएं हुई पारदर्शी-**
शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने युवाओं में उपजे हताशा के माहौल को दूर करने के लिए यह सुनिश्चित किया है कि भर्ती प्रक्रियाएं नियमित हों, परीक्षाएं समय पर हों और सफल अभ्यर्थियों को शीघ्र नियुक्ति मिले। हमारी सरकार भर्ती प्रक्रियाओं को पारदर्शी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हमने अभ्यर्थियों के लिए बायोमेट्रिक प्रणाली, सीईटी की मान्यता अवधि में वृद्धि, कटऑफ मार्क्स का प्रावधान सहित विभिन्न कदम उठाए हैं, जिससे भर्ती प्रक्रियाएं सुगमता से पूरी हो सकें। उन्होंने कहा कि गत सरकार के समय पेपरलीक माफिया सक्रिय रहा, जिसके कारण लाखों युवाओं का भविष्य अंधकार में चला गया था। गत सरकार के समय प्रत्येक भर्ती परीक्षा में पेपरलीक लीक हुआ। हमने इस संबंध में एसआईटी का गठन किया तथा अब तक 264 अपराधियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

**युवाओं के लिए 5 वर्षों में 4 लाख सरकारी नौकरियां-**
मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने बजट में 5 वर्षों में 4 लाख सरकारी नौकरियों की घोषणा की है, जिसमें से 1 वर्ष में ही 59 हजार 236 पदों पर नियुक्तियां हो चुकी हैं, जिनमें 19033 शिक्षक, 22310 पैरामेडिकल, 4748 कनिष्ठ लेखाकार, 2563 वनकर्मी तथा 3100 से अधिक पुलिस कांस्टेबल शामिल हैं। साथ ही, 1 लाख 72 हजार 990 पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है, जिनमें से 81 हजार पदों पर भर्ती परीक्षाओं का कलेण्डर जारी कर दिया गया है।

# राजस्थान-एमपी के सीएम ने महाकुंभ में एक साथ लगाई डुबकी

## -मंत्री-विधायक भी साथ; प्रयागराज के राजस्थान मंडपम में हुई कैबिनेट की बैठक



जयपुर(रॉयल पत्रिका)। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और मध्य प्रदेश (एमपी) के सीएम मोहनलाल यादव ने महाकुंभ में एक साथ डुबकी लगाई। इस दौरान राजस्थान के कैबिनेट मंत्री और विधायक भी साथ मौजूद रहे। उन्होंने भी संगम में स्नान किया। प्रयागराज के राजस्थान मंडपम में राजस्थान कैबिनेट की बैठक हुई। दरअसल, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा समेत कुल 115 मंत्री-विधायक शनिवार सुबह 7:20 बजे जयपुर से विशेष विमान के जरिए प्रयागराज पहुंचे। इसके बाद महाकुंभ में शामिल होकर संगम में डुबकी लगाई। संगम स्थल पर हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की गई

**दिल्ली की जीत पर बोले- पीएम मोदी को लेकर जनता के मन में विश्वास:-** प्रयागराज में सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर आम जनता के मन में एक विश्वास है। यह जीत उसका प्रतीक है। मोदी जी जो कहते हैं, वह करते हैं। आम जनता को इस बात का विश्वास है। इसीलिए दिल्ली की जनता ने वहां डबल इंजन की सरकार को पूर्ण बहुमत दिया है।

**कांग्रेस के नेता छुपकर कुंभ:-** जा रहे मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा- मंत्री और विधायकों को महाकुंभ में ले जाकर कैबिनेट की बैठक आयोजित करना एक अच्छा फैसला है। सनातन में कुंभ का विशेष महत्त्व है। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा- कांग्रेस के लोगों की बुद्धि मलीन हो गई है। उनके नेता तो खुद छुपकर कुंभ में जा रहे हैं।

**सीएम पहले भी स्नान कर चुके:-** बता दें कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इससे पहले 19 जनवरी को प्रयागराज पहुंचे थे। जहां उन्होंने संगम तट पर चल रहे महाकुंभ में स्नान किया था। इसके साथ ही साथ ही त्रिवेणी संगम घाट पर मां गंगे की की आरती और भगवान महादेव का दूध व गंगा जल से जलाभिषेक किया। इसके बाद उन्होंने बड़े हनुमान जी के दर्शन भी किए।

# पुलिस ने 'गया गैंग' के 5 बदमाश किए गिरफ्तार

## -मौज-शौक पूरे करने के लिए करते चोरी, 12 से ज्यादा वारदात कबूली



जयपुर(रॉयल पत्रिका)। जयपुर पुलिस ने 'गया गैंग' के सरगना सहित पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गैंग के बदमाश फिल्मी स्टाइल में चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। हुलिया बदलकर चुराए माल को ज्वेलर्स को बेच देते और जो रुपए मिलते उनसे मौज-मस्ती के शौक पूरे करते थे। गैंग के बदमाशों ने जयपुर शहर सिटी में चोरी की एक दर्जन से वारदात करना कबूल की हैं।

**डीसीपी (वेस्ट) अमित कुमार ने बताया:-** 'गया गैंग' के सरगना अरबाज उर्फ गया (26), उसके भाई मोहम्मद रउफ उर्फ लला (19) व शाहिद (19) निवासी सदर टोंक हाल विजय नगर कच्ची बस्ती भट्टाबस्ती और मोहम्मद अब्बास (45) निवासी कोतवाली सीकर हाल उद्योग नगर झोटवाड़ा व राकेश सोनी (35) निवासी मौलासर नागौर हाल प्रताप नगर शास्त्री नगर को अरेस्ट किया। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। क्षेत्र में लगे 200 से ज्यादा CCTV फुटेजों को खंगालने के बाद गया गैंग के पांचों बदमाशों को पकड़ा गया है। पूछताछ में गिरफ्तार सरगना ने गैंग के साथ मिलकर जयपुर शहर में करीब एक दर्जन से ज्यादा नकबजनी/चोरी की वारदात करना कबूली।

**पूरे शरीर को रखते थे ढक कर:-** सामने आया है कि गैंग के बदमाश दिन में रेकी करते और रात को वारदात करते। पुलिस से बचने के लिए वारदात स्थल के पास ही छिपने का ठिकाना ढूंढ़कर रखते थे। इस दौरान पूरे शरीर को कपड़े से ढका रखते थे। हाथों में गल्ब्स व सिर पर हेलमेट लगाए रखते थे। जिससे आसानी से उनकी पहचान नहीं हो सके। वारदात को अंजाम देने के बाद पुलिस से बचने के लिए छोटे-छोटे और संकरे रास्तों से निकलते थे।। घर से हुलिया बदलकर ज्वेलर्स को चोरी के गहने बचते थे। चोरी का माल बेचकर मौज-मस्ती के शौक पूरे करते थे।

# गर्मियों में हो लोड का बेहतर प्रबंधन - डिस्कॉम चेयरमैन

## -जयपुर, जोधपुर एवं अजमेर विद्युत वितरण निगम के अभियंताओं के साथ समीक्षा



जयपुर(रॉयल पत्रिका)। जयपुर डिस्कॉम्स चेयरमैन सुश्री आरती डोगरा ने प्रदेश के तीनों विद्त वितरण निगमों के अभियंताओं को गर्मी में लोड का बेहतर प्रबंधन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जयपुर, जोधपुर एवं अजमेर डिस्कॉम के सभी अधिशासी अभियंता (ओ एंड एम) फरवरी माह में अपने क्षेत्राधिकार में आने वाले 33 केवी ग्रिड सब स्टेशनों तथा अधिक ट्रिपिंग वाले फीडरों का निरीक्षण करें। जिससे कि गर्मियों में होने वाली बिजली की मांग में बढ़ोतरी के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाएं अभी से सुनिश्चित की जा सकें। सुश्री डोगरा शनिवार को विद्त् भवन में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से तीनों विद्त वितरण निगमों के अधिकारियों के साथ लोड प्रबंधन, शत-प्रतिशत बिलिंग, बकाया राजस्व वसूली, डिफेक्टिव मीटर बदलने तथा उपभोक्ता सेवाओं से संबंधित विषयों पर समीक्षा कर रही थीं। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान भार के अनुरूप अधिक क्षमता के ट्रांसफार्मर लगाने, केबल, रोस्टर स्विच, आइसोलेटर, वीसी ब्रेकर जैसे लाइन मैटेरियल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकेगी। साथ ही, डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर से ऑयल लीकेज सहित अन्य तकनीकी कमियों को अभी से सुधारा जा सकेगा।

**अभियंताओं को दें डिमांड साइड मैनेजमेंट का प्रशिक्षण:-** डिस्कॉम्स चेयरमैन ने जोधपुर एवं अजमेर विद्त वितरण निगम के प्रबंध निदेशकों को निर्देश दिए कि वे अभियंताओं को डिमांड साइड और लोड मैनेजमेन्ट का प्रशिक्षण देने का कार्यक्रम निर्धारित करें। उल्लेखनीय है कि जयपुर डिस्कॉम के अधिशासी अभियंताओं को इस संबंध में शुक्रवार को ही ऊर्जा विकास निगम के विशेषज्ञों द्वारा ही प्रशिक्षण दिया गया है। सुश्री डोगरा ने शत-प्रतिशत बिलिंग तथा बकाया राजस्व अर्जन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मीटर खराब होने के कारण औसत उपभोग के आधार बिलिंग करनी पड़ती है। ऐसे में डिफेक्टिव मीटरों को तत्काल बदला जाए। सुश्री डोगरा ने गर्मियों में बिजली की मांग में संभावित बढ़ोतरी को देखते हुए आरडीएसएस योजना के तहत चल रहे जीएसएस निर्माण तथा फीडर पृथक्कीकरण के कार्यों को गति देने के निर्देश दिए।

**शत-प्रतिशत बिलिंग के लिए जोधपुर डिस्कॉम ने लगाए नोडल अधिकारी:-** बैठक में जोधपुर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक डॉ. भंवरलाल ने कहा कि शत- प्रतिशत बिलिंग के लिए डिस्कॉम के सभी सर्किलों में नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। साथ ही, उन्हें फील्ड का दौरा कर रेवेन्यू रियलाइजेशन बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

**संभावित भार वृद्धि को देखते हुए शहरी क्षेत्रों में लोड मैनेजटमेंट पर फोकस:-** अजमेर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक श्री के पी वर्मा ने बताया कि शहरी क्षेत्र में संभावित भार वृद्धि को देखते हुए ट्रांसफार्मर के लोड मेनेजमेंट पर विशेष फोकस किया जा रहा है। जयपुर, जोधपुर और अजमेर विद्त वितरण निगमों के तकनीकी निदेशकों ने गर्मी के सीजन की तैयारियों के बारे में अवगत कराया। बैठक में डिस्कॉम्स चेयरमैन ने वृत्तवार अधीक्षण अभियंताओं तथा जोनल मुख्य अभियंताओं से बकाया राजस्व के अर्जन तथा शत-प्रतिशत बिलिंग पर चर्चा कर निर्देश दिए।

# राज्यपाल बागडे ने नागौर स्थित तेजास्थली मूण्डवा में वीर तेजा महिला शिक्षण संस्थान के वार्षिकोत्सव में भाग लिया

## -ऑडिटोरियम व कन्या हॉस्टल का किया लोकार्पण
## -बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने का किया आह्वान



जयपुर(रॉयल पत्रिका)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शनिवार को तेजास्थली मूण्डवा में नवनिर्मित संत दुलाराम कुलरिया व संत पदमाराम कुलरिया आडिटोरियम तथा आयचुकी देवी गंगाराम राठी हॉस्टल भवनों का लोकार्पण किया। उन्होंने वहीं बीपीएड कॉलेज के भवन निर्माण का शिलान्यास भी किया। इस दौरान उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया। राज्यपाल ने लोक देवता वीर तेजाजी को याद करते हुए महिला शिक्षा को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लङकिया किसी से कम नहीं है और वर्तमान में बच्चियां ज्यादा आगे बढ रही हैं। उन्होंने बालिकाओं से कहा कि अच्छा अभ्यास करें, इसी की जरूरत है। बागडे ने कहा कि भारत में दुनियाभर का सबसे अधिक टैलेंट था और है। उन्होंने कहा कि जिसके पास कौशल होगा, उसे रोजगार मिल जाएगा, इसलिए भारत सरकार कौशल विकास का प्रशिक्षण दे रही है। हमारे हाथ में कला है तो सफल होंगे। बच्चों से कहा कि शारीरिक शक्ति बढाओ, इतनी बढाओ कि दूसरों को डर लगना चाहिए। अपना कौशल और बौद्धिक क्षमता बढाने वाला ही आगे जाएगा। इससे पूर्व केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने बच्चों के कार्यक्रम की सराहना की। चौधरी ने कहा कि राजस्थान की धरती में एक दूसरे के सहयोग की भावना है। यही भारतीयता है, राष्ट्र वाद है।

# राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के 44 अपात्र लाभार्थियों को नोटिस जारी

## - जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर जिला रसद अधिकारी की कार्रवाई
## - 'गिव अप अभियान' के तहत 28 फरवरी तक हटवाया जा सकता है सूची से नाम
## - जिले की उचित मूल्य दुकानों से प्राप्त किये जा सकते हैं नाम हटवाने हेतु आवेदन पत्र



जयपुर(रॉयल पत्रिका)। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने वाले अपात्र व्यक्ति के लिये खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा 3 दिसम्बर, 2024 से 'गिव अप' अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के अन्तर्गत ऊपर वर्णित अपात्र व्यक्ति अपना नाम खाद्य सुरक्षा योजना से हटवाने हेतु आवेदन कर सकते हैं। 28 फरवरी 2025 तक स्वेच्छा से अपना नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटवाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही नहीं की जायेगी। जिला रसद अधिकारी श्री त्रिलोकचंद मीणा ने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देशानुसार कार्यालय जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम के द्वारा नोटिस जारी किये जा रहे हैं। जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम द्वारा 23 अपात्र लाभार्थियों एवं जिला रसद अधिकारी जयपुर द्वितीय द्वारा 21 अपात्र लाभार्थियों सहित कुल 44 अपात्र लाभार्थियों को नोटिस जारी किये गये हैं। उन्होंने बताया कि गिव अप अभियान के अन्तर्गत खाद्य सुरक्षा सूची की निष्कासन श्रेणी में सम्मिलित परिवार यथा ऐसे परिवार जिनमें कोई भी एक सदस्य सरकारी, अर्द्ध सरकारी, स्वायत्तशासी संस्थाओं में नियमित कर्मचारी या अधिकारी हो अथवा 1 लाख रुपये वार्षिक से अधिक पेंशन प्राप्त करता हो अथवा जिसके सभी सदस्यों की कुल आय 1 लाख रुपये वार्षिक से अधिक हो या निजी चौपहिया वाहन धारक या आयकरदाता हो सम्मिलित है, को प्रेरित कर खाद्य सुरक्षा सूची से अपना नाम स्वेच्छा से पृथक करवाए जाने हेतु आवेदन करवाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जयपुर शहर में अब तक हजारों परिवारों द्वारा गिव अप अभियान के अन्तर्गत आवेदन कर अपना नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटवाया गया है। पूर्व में उक्त अभियान की अन्तिम तिथि 31 जनवरी 2025 निर्धारित थी परन्तु वर्तमान में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा उक्त अवधि को 28 फरवरी 2025 तक बढ़ाया जाकर अपात्र व्यक्तियों को स्वेच्छा से अपना नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटवाये जाने हेतु अवसर प्रदान किया गया है।

# आयुर्वेद पद्धति से पुराने दर्द व रोगों से मिलती है राहत: जैन

**-संभाग स्तरीय आयुर्वेद महोत्सव एवं आरोग्य मेले में 5302 रोगियों को दिया परामर्श**
**-10 फरवरी तक चलेगा आरोग्य मेला**




शब्बीर हुसैन

बारां.(रॉयल पत्रिका) 8 फरवरी। शहर के कोटा रोड स्थित खेल संकुल में आयोजित हो रहे संभाग स्तरीय आरोग्य मेले में शनिवार को दूसरे दिन 2492 सहित अब तक कुल 5302 रोगियों को परामर्श दिया जा चुका है। मेले में आयोजित याख्यान श्रृंखला कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बारां नागरिक सहकारी बैंक के चेयरमैन हरगोविंद जैन थे। उन्होंने कहा कि इस तरह के मेले आयुर्वेद के प्रचार-प्रचार में सहायक होते हैं।

आमजन को इसका लाभ उठाना चाहिए। आयुर्वेद की अग्निकर्म पद्धति द्वारा लोगों को पुरानी कमर व घुटनों के दर्द से हमेशा के लिए आराम मिल जाता है। विशिष्ट अतिथि एएसपी राजेश चौधरी, डीएसपी ओमेंद्र सिंह शेखावत व नोडल अधिकारी अतिरिक्त निदेशक कोटा संभाग डॉ. मोहनलाल वर्मा थे। उन्होंने कहा कि मेले में जिला प्रशासन की ओर से राजस्थान सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर उपलब्धियों की प्रचार-सामग्री के किट भी आमजन को वितरित करवाए जा रहे हैं। आरोग्य मेला 10 फरवरी तक आयोजित होगा। इसमें प्रतिदिन परामर्श, चिकित्सा के साथ-साथ दिन में व्याखान व रात्रि को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व रसायन शाला प्रभारी डॉ. राधेश्याम गर्ग ने क्षेत्रीय वनों में पाए जाने वाली औषधियों व उनके होने वाले फायदों के बारे में जानकारी दी। मीडिया प्रभारी डॉ. हरिशंकर मीणा व डॉ. कमलेश कंवरिया ने बताया कि साथ ही डॉ. हेमराज मीणा व कोटा से आए डॉ. निरंजन गौतम ने मधुमेह रोग पर व्याख्यान दिया।

संचालन डॉ. चंद्रभान श्रीवास्तव व डॉ. देवकरण शर्मा ने किया। इससे पूर्व अतिथियों का उपनिदेशक डॉ. विरेंद्र सोहाया व अन्य प्रभारियों ने स्वागत किया। इलेक्ट्रिक कॉट्री मशीन से पुराने मस्से हटाए- मेले में लगी क्षारसूत्र शल्य चिकित्सा स्टाल में डॉ. हरिशंकर मीणा व डॉ. कुशल गौतम ने इलेक्ट्रिक कॉट्री मशीन की सहायता से मरीजों की चमड़ी पर लटके हुए वर्षां पुराने मस्सों को हटाया। इसमें डॉ. पवन मेघवाल व डॉ. मिथलेश जैन ने जलोका अर्थात जौंक थैरेपी द्वारा पुराने एक्जिमा व सौरायसिस के रोगियों को परामर्श दिया। वहीं डॉ. अभिनव गौड, डॉ. कुलदीप मीणा, डॉ. राजेंद्र मीणा व डॉ. हेमराज मीणा द्वारा अग्निकर्म विधि से रोगियों को घुटनों व कमर के पुराने दर्द से आराम दिलाया। पंचकर्म विभाग में डॉ. गिरधर गोपाल मालव व डॉ. हेमराज मीणा ने अभ्यंग स्वेदन व कटिबस्ति व ग्रीवाबस्ति द्वारा रोगियों की चिकित्सा की। जिसमें कंपाउंडर गोविंद महावर, रविदत्त, शिवनारायण, राजकुमार, महिला चिकित्सक डॉ. निशा मीणा, डॉ. भारती नागर, डॉ. रितु चंदेल, डॉ. छाया त्यागी, डॉ. मीनाक्षी मीणा, डॉ. कीर्ति सिंह, डॉ. प्रवीण जैन, डॉ. प्रदीप शर्मा आदि ने विभिन्न विभागों में सेवाएं दी। वहीं डॉ. पीयूष नागर, डॉ. बृजराज मीणा, डॉ. नीरज यादव ने वनौषधि प्रदर्शनी में लोगों को जानकारी दी। विभिन्न स्टालों में रोगी ले रहे चिकित्सा एवं परामर्श- मेले में सभी स्टालों पर लोग चिकित्सा परामर्श ले रहे हैं। इनमें प्रमुख रूप से पंचकर्म, अग्निकर्म, क्षारसूत्र व शल्य, जरावस्था व स्वर्णप्राॅशन आदि शामिल है। स्वर्णप्राॅशन केंद्र पर डॉ. राजकुमार गोयल ने बच्चों को ड्रॉप पिलाई। मेले में होम्योपैथी के नॉडल अधिकारी डॉ. सुरेश वर्मा ने इस चिकित्सा पद्धति से होने वाले लाभ व आमजन में इसके प्रति प्रचलित भ्रांतियों को दूर करने के लिए व्याख्यान दिया। इनके द्वारा अब तक 604 रोगियों को परामर्श दिया जा चुका है।

इसी प्रकार यूनानी चिकित्सा पद्धति के नोडल अधिकारी डॉ. नासिर हुसैन अंसारी ने बताया कि लगभग 300 रोगियों को परामर्श व कपिंग थैरेपी दी गई। कोयला में लगेगा निशुल्क 10 दिवसीय शल्य चिकित्सा शिविर- मेला प्रभारी डॉ. जितेंद्र सिंह हाड़ा ने बताया कि 14 फरवरी से 23 फरवरी तक ग्राम कोयला में 10 दिवसीय निशुल्क शल्य चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसमें पाईल्स, फिशर, फिस्टूला आदि की चिकित्सा की जाएगी। शिविर में रोगियों के रहने व खाने की सुविधा निःशुल्क रहेगी

## अमेरिका के राष्ट्रपति का पुतला जलाया

**- भारतीय नागरिकों को जंजीरों से बांधकर भेजने का विरोध, कोटा में प्रदर्शन**



कोटा(रॉयल पत्रिका)। भारतीय नागरिकों को अमेरिका से हाथों में जंजीरें बांधकर भारत भेजने के मामले को लेकर कोटा के लोगों में आक्रोश है। बोरखेड़ा इलाके के स्थानीय लोगों ने घटना के खिलाफ प्रदर्शन कर डोनाल्ड ट्रंप का पुतला जलाया। स्थानीय निवासी दीपक सिंह ने बताया- 104 भारतीय लोगों को अमेरिका से डिपोर्ट कर 5 फरवरी को यूएस मिलिट्री की ओर से भारत भेजा गया। अमरीकी आर्मी का प्लेन अमृतसर एयरपोर्ट पर उतरा था। इस प्लेन मौ मौजूद सभी भारतीयों के हाथ-पैर जंजीरों से बांधे गए थे। देश के नागरिकों को किस तरह से अपमानित किया गया। भारतीय छोटे बच्चे, महिलाएं बड़ों के साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। इस तरह का व्यवहार हम बर्दाश्त नहीं करेंगे।अमेरिका पूरे विश्व में सबसे बड़ा राष्ट्र की पहचान रखता है तो उसे अपना दिल भी बड़ा रखना चाहिए। भारत देश में भी बाहर के देश के लोग काम करते हैं। बांग्लादेशी, नेपाली अन्य देश के लोग भी काम करते हैं लेकिन उन लोगों को कोई भी भारतीय बेवजह परेशान नहीं करता। इसके विरोध में बोरखेड़ा इलाके के देवली अरब रोड पर स्थानीय निवासियों ने डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति का पुतला जलाया और ट्रंप के खिलाफ नारेबाजी की गई। भारत की सरकार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मामले में हस्तक्षेप करें।

# दिल्ली में भाजपा की जीत पर कोटा में जश्न

**-आतिशबाजी कर एक दूसरे को मिठाई खिलाई**
**-बोले- दिल्ली में केजरीवाल के भ्रष्टाचार का अंत**



कोटा (रॉयल पत्रिका)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर कोटा में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। बीजेपी शहर अध्यक्ष राकेश जैन के नेतृत्व में जीएमए प्लाजा में कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई, पटाखे फोड़े और जमकर नारेबाजी की।भाजपा पदाधिकारी का कहना था कि दिल्ली की जनता ने केजरीवाल के भ्रष्टाचार का अंत कर दिया है।शहर अध्यक्ष राकेश जैन ने दिल्ली की जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा व अमित शाह को बधाई दी और अब दिल्ली का विकास डबल इंजन की सरकार करेगी। उन्होंने कहा कि केजरीवाल के झूठ के वादों को तोड़कर दिल्ली की जनता सड़कों पर आई है। केजरीवाल को अपनी जगह दिखाई है। दिल्ली की जनता में विकास के मॉडल को चुना है।भाजपा वरिष्ठ नेता पंकज मेहता के नेतृत्व में गुमानपुरा इलाके में जश्न मनाया। पंकज मेहता ने कहा कि भाजपा ने दो तिहाई बहुमत के साथ राष्ट्रीय राजधानी में वापसी की है। दिल्ली के मतदाताओं ने प्रधानमंत्री मोदी पर भरोसा जताया है। यह दिल्ली की जनता के लिए बहुत बड़ी जीत है। देश और दुनिया देख रही है कि पूरा देश मोदी जी के साथ और उनके कल्याणकारी कार्यों के साथ खड़ा है। दिल्ली चुनावों में भाजपा की जबरदस्त जीत से उत्साहित भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में विधायक संदीप शर्मा के कार्यालय में इकठ्ठा हुए और ढोल नगाड़ों के साथ आतिशबाजी करते हुए एक दूसरे का मुंह मिठाकर बधाईयां दी। विधायक संदीप शर्मा ने कहा है कि समाजसेवी अन्ना हजारे की आड़ लेकर दिल्ली की सत्ता पर काबिज हुए अरविंद केजरीवाल ने 15 साल में दिल्ली को भ्रष्टाचार के दीमक से खोखला कर दिया लेकिन अब जनता ने आम आदमी पार्टी के भ्रष्टाचार को ठुकराकर भारतीय जनता पार्टी के विकास पर विश्वास की मुहर लगाई है। उन्होंने कहा कि आम आदमी की सरकार का दावा करने वालों ने आम आदमी को चूना लगाने का काम किया इसलिए दिल्लीवालों ने अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सौरभ भारद्वाज जैसे बड़े नेताओं को विधानसभा जाने ही नहीं दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा 27 साल के वनवास के बाद वापस दिल्ली लौटी है, अब राजधानी में विकास और सुशासन का नया इतिहास लिखा जाएगा।

## डॉक्टरों ने की 2 घंटे की पेन डाउन हड़ताल

**-SDM के खिलाफ कार्रवाई की मांग**
**-72 घंटे में कार्रवाई नहीं होने पर पूर्ण बहिष्कार की चेतावनी**



बारां(रॉयल पत्रिका)। बाड़मेर जिले के सेड़वा में एसडीएम और डॉक्टर के बीच हुए विवाद ने राजस्थान के सरकारी अस्पतालों में हड़ताल की स्थिति पैदा कर दी है। सेड़वा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात डॉ. रामस्वरूप के साथ एसडीएम बद्रीनारायण द्वारा की गई अभद्रता के विरोध में अखिल राजस्थान सेवारत चिकित्सक संघ ने शनिवार को दो घंटे की पेन डाउन हड़ताल की। चिकित्सक संघ का आरोप है कि एसडीएम ने राजकार्य में बाधा डालते हुए डॉक्टर का अपमान किया और अभद्र व्यवहार किया। इस घटना से नाराज चिकित्सकों ने प्रदेशभर में ओपीडी सेवाएं दो घंटे के लिए बंद रखीं, हालांकि इमरजेंसी सेवाएं जारी रहीं। हड़ताल के दौरान मरीजों और उनके परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। अखिल राजस्थान सेवारत चिकित्सक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. देवीशंकर नागर और सचिव डॉ. बिहारीलाल मीणा ने एसडीएम के खिलाफ सर्विस रूल के तहत कार्रवाई की मांग की है। चिकित्सक संघ ने चेतावनी दी है कि यदि 72 घंटे के भीतर एसडीएम के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई तो वे संपूर्ण कार्य बहिष्कार करेंगे। विरोध प्रदर्शन में डॉ. हेमंत डडवारिया, डॉ. ओपी मालव, डॉ. हेमराज नागर, डॉ. धनराज सुमन और डॉ. महेंद्र नागर सहित कई चिकित्सक मौजूद रहे।

## बाड़े में खड़ी SUV से 50 लाख का डोडा-चूरा मिला

**-2 लग्जरी गाड़ियों में निकलने वाली थी 500 KG की खेप**
**-जांच में जुटी नारकोटिक्स टीम**



कोटा(रॉयल पत्रिका)। केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (CBN) की टीम ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने चित्तौड़गढ़ के तुम्बडिया गांव में दबिश देकर दो गाड़ियों में रखा 500 किलो डोडा चूरा बरामद किया है। जिसको बाजार कीमत 50 लाख रुपए के करीब बताई गई है। नशे की खेप को सप्लाई के लिए ले जाया जाना था। उससे पहले ही टीम ने कार्रवाई की। ये कार्रवाई उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल के निर्देशन में की गई। **लग्जरी SUV में तस्करी:-** असिस्टेंट नारकोटिक्स आयुक्त जबर सिंह ने बताया कि राजस्थान में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के लिए अभियान चला रखा है। अभियान के तहत केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो चित्तौड़गढ़ यूनिट को गुप्त सूचना मिली थी। जिसके आधार पर अधीक्षक (निवारक) ने अपनी टीम को चित्तौड़गढ़ तुम्बडिया गांव रवाना किया। जहां पर मिट् लाल के बाड़े में लोड की गई स्कॉर्पियो कार और इसुजु गाड़ी खड़ी मिली। गाड़ी को चेक किया तो उसमें 24 कट्टों में डोडाचूरा भरा हुआ मिला। जिसका वजन 502.900 किलोग्राम था। जिस पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर डोडा चूरा को जब्त किया मामले में शामिल आरोपियों की पहचान व नेटवर्क के बारे में जांच की जा रही है।

## जयपुर में घर के बाहर खेलते हुए गायब हुआ बच्चा

**-रास्ता भटकने पर तीन किमी दूर पहुंचा, पुलिस पैदल ही गलियों से होते हुए ढूंढने निकली**



जयपुर(रॉयल पत्रिका)। जयपुर में 5 साल के बच्चे ने पुलिस की परेड करवा दी। घर के बाहर खेलते समय बच्चा गायब हो गया था। हरमाड़ा थाना पुलिस ने CCTV फुटेजों को खंगाल तीन किलोमीटर पीछा कर बच्चे को ढूंढ निकाला। हरमाड़ा थाना पुलिस ने लापता बच्चे को सकुशल ढूंढकर परिजनों को सौंप दिया है। SHO (हरमाड़ा) उदयभान सिंह यादव ने बताया- हरमाड़ा के गणेश नगर में 5 साल का बच्चा सुबह करीब 10 बजे घर के बाहर खेल रहा था। घर के बाहर खेलते समय अचानक लापता हो गया। परिजनों के आस-पास ढूंढ़ने पर बच्चे का पता नहीं चला। रिश्तेदार-पड़ोसियों की मदद से काफी तलाश करने के बाद भी बच्चा नहीं मिला। हरमाड़ा थाने में परिजनों ने 5 साल के मासूम के घर के बाहर खेलते समय गायब होने की शिकायत दी। पुलिस की अलग-अलग टीमें बनाकर तुरंत बच्चे की तलाश में भेजी गई। करीब 100 से अधिक CCTV फुटेज खंगाले गए। फुटेज के आधार पर रुट मैप तैयार कर पैदल ही गलियों से होते हुए पुलिस टीम ने बच्चे का पीछा किया। करीब 5 घंटे की मशक्कत के बाद घर से करीब 3 किलोमीटर दूर लोहा मंडी में लापता बच्चा बैठा हुआ मिला। पुलिस ने बच्चे को सकुशल ढूंढकर उसके परिजनों को सौंप दिया। पुलिस का कहना है कि घर के बाहर खेलते समय बच्चा गलियों में चला गया। रास्ता भटकने के चलते घर को ढूंढने की कोशिश में लोहा मंडी तक जा पहुंचा।

# नागौर में 3 करोड़ की दहेज राशि का खुलासा

**- दूल्हे के परिवार को दिया गया भारी कैश और गिफ्ट**



नागौर(रॉयल पत्रिका)। राजस्थान के नागौर जिले में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक शादी में 3 करोड़ रुपये से अधिक का दहेज दिया गया। यह मामला इलाके में चर्चा का विषय बन गया है और सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।**क्या है मामला:-** जानकारी के मुताबिक, शादी में दूल्हे के परिवार को लग्जरी कार, सोना-चांदी, करोड़ों रुपये कैश और महंगे गिफ्ट दिए गए। यह मामला तब उजागर हुआ जब शादी की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए।**समाज में दहेज प्रथा का बढ़ता चलन:-** राजस्थान के कई इलाकों में अब भी दहेज की प्रथा जारी है, लेकिन इतनी भारी भरकम रकम का लेन-देन समाज के लिए चिंता का विषय बन गया है। इस घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या वाकई दहेज प्रथा पर कड़ा कानून प्रभावी तरीके से लागू हो रहा है या नहीं।**कानूनी दृष्टिकोण:-** भारत में दहेज प्रथा अधिनियम 1961 के तहत दहेज देना और लेना दोनों अपराध हैं। लेकिन इसके बावजूद समाज में यह कुप्रथा जारी है। सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या प्रशासन इस मामले में कोई जांच करेगा या यह मामला यूं ही दबकर रह जाएगा?**नागौर की यह शादी बनी चर्चा का विषय:-** स्थानीय लोगों का कहना है कि इस शादी ने समाज में असमानता को और बढ़ावा दिया है। कई लोगों ने इस पर आपत्ति जताई है और प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। वहीं, कुछ लोग इसे परिवार की आपसी सहमति से किया गया सौदा बता रहे हैं।**प्रशासन की चुप्पी, क्या होगी कार्रवाई:**-अब देखने वाली बात यह होगी कि क्या पुलिस और प्रशासन इस मामले की जांच करेगा या फिर यह मामला अन्य मामलों की तरह ठंडे बस्ते में चला जाएगा। समाज में बढ़ती दहेज प्रथा को लेकर लोग अब सवाल उठा रहे हैं कि कब तक यह कुप्रथा यूं ही जारी रहेगी।

## स्टूडेंट को मिलेगा नि:शुल्क कोचिंग का मौका

**-10 फरवरी तक कर सकते हैं आवेदन**
**-8 लाख से कम वार्षिक आय वाले छात्र हैं पात्र**



बारां(रॉयल पत्रिका)। राजस्थान के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के तहत नि:शुल्क कोचिंग के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इस योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स की प्रवेश परीक्षाओं और सरकारी नौकरियों की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मुफ्त कोचिंग प्रदान की जाएगी। योजना में आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी को राजस्थान का मूल निवासी होना आवश्यक है। साथ ही उसके माता-पिता की वार्षिक आय 8 लाख रुपए से कम होनी चाहिए। महत्वपूर्ण शर्त यह है कि अभ्यर्थी ने पहले कभी अनुप्रति योजना का लाभ न लिया हो। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है। इच्छुक छात्र नजदीकी ई-मित्र केंद्र पर जाकर अपनी एसएसओ आईडी के माध्यम से विभागीय पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए जरूरी दस्तावेजों में मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, स्व-घोषित आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जन आधार कार्ड और बैंक खाते की जानकारी शामिल है। सहायक निदेशक शुभम नागर के अनुसार छात्र वर्ष 2024-25 के लिए सूचीबद्ध कोचिंग संस्थानों में से किसी एक का चयन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 10 फरवरी 2024 निर्धारित की गई है। यह योजना प्रतिभावान छात्रों को उनकी आर्थिक स्थिति के बावजूद बेहतर कोचिंग सुविधा प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

## जयपुर में करंट लगने से इलेक्ट्रिशियन की मौत

**-बिजली पोल पर कर रहा था काम, झटका लगने से नीचे आकर गिरा**



जयपुर(रॉयल पत्रिका)। जयपुर में करंट लगने से एक इलेक्ट्रिशियन की मौत हो गई। वह बिजली पोल पर चढ़कर काम कर रहा था। करंट का झटका लगने से पोल से नीचे आकर गिर गया था। हरमाड़ा थाना पुलिस ने शनिवार सुबह पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। हेड कॉन्स्टेबल हरवीर सिंह ने बताया- करंट लगने से परसाराम (45) निवासी रलावता रेनवाल की मौत हो गई। वह पिछले करीब 25 साल से ईडन गार्डन कॉलोनी में इलेक्ट्रिशियन का काम करता था। शुक्रवार शाम करीब 4 बजे वह ईडन गार्डन में बिजली पोल पर चढ़कर काम कर रहा था। इसी दौरान करंट लगने से झटका लगने पर पोल से नीचे आकर गिरा। लोगों ने गंभीर हालत में उसे कांवटिया हॉस्पिटल में एडमिट करवाया। डॉक्टर्स ने इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। मेडिकल सूचना पर हरमाड़ा थाना पुलिस कांवटिया हॉस्पिटल पहुंची। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को मॉर्च्युरी में रखवाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि किसी लापरवाही के चलते परसाराम की मौत तो नहीं हुई है।

## नॉन इंटरलॉकिंग के काम के चलते हिसार-तिरुपति स्पेशल ट्रेन के 2 ट्रिप हुए निरस्त

कोटा(रॉयल पत्रिका)। दक्षिण मध्य रेल के सिकंदराबाद मंडल में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जाना है। नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते कोटा मंडल के सवाई माधोपुर, कोटा व रामगंजमंडी होकर जाने वाली हिसार-तिरुपति-हिसार साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में 2-2 ट्रिप निरस्त रहेगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि गाड़ी संख्या 04717 हिसार-तिरुपति एक्सप्रेस 8 व 15 फरवरी को अपने प्रारम्भिक स्टेशन हिसार से निरस्त रहेगी।वापसी में गाड़ी संख्या 04718 तिरुपति-हिसार एक्सप्रेस 10 व 17 फरवरी को अपने प्रारम्भिक स्टेशन तिरुपति से निरस्त रहेगी। यात्रियों से अपील है कि ट्रेन की उचित स्थिति की जानकारी स्टेशन, एनटीईएस या रेल मदद 139 पर प्राप्त कर यात्रा करें।

# बड़े शहर एफएमसीजी उद्योग के लिए बने चुनौती

## ग्रामीण बाजारों पर बढ़ी निर्भरता



**नईदिल्ली, एजेंसी।** मांग और वृद्धि के लिहाज बड़े शहरी बाजार एफएमसीजी उद्योग के लिए चुनौती बनते जा रहे हैं। इस नुकसान की भरपाई के लिए एफएमसीजी कंपनियों की ग्रामीण बाजारों पर निर्भरता बढ़ गई है। खास बात है कि ग्रामीण क्षेत्रों ने वृद्धि के मामले में लगातार चौथी तिमाही में बड़े शहरी बाजारों को पीछे छोड़ दिया है। डाटा एनालिटिक्स फर्म नीलसनआईक्यू की रिपोर्ट में कहा गया है कि कैलेंडर वर्ष 2024 की अक्तूबर-दिसंबर तिमाही में मूल्य के लिहाज से एफएमसीजी उद्योग ने ग्रामीण बाजारों में 10.6 फीसदी की वृद्धि हासिल की है। त्योहारी मांग से मोटे तौर पर खपत आधारित वृद्धि हुई। महंगाई के कारण 3.3 फीसदी औसत मूल्य वृद्धि के बावजूद कुल मात्रा में 7.1 फीसदी बढ़ोतरी रही है।?उच्च खाद्य महंगाई के कारण उपभोक्ता छोटे पैक खरीदने को प्राथमिकता दे रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अक्तूबर-दिसंबर तिमाही में शहरी खपत जुलाई-सितंबर अवधि की तुलना में दोगुना बढ़ी है।?वहीं, ग्रामीण बाजारों में वृद्धि तिमाही आधार पर 5.7 से बढ़कर 9.9 फीसदी पहुंच गई, जो शहरी खपत से दोगुनी है। देश के अधिकांश क्षेत्रों में ग्रामीण बाजार शहरों से आगे निकल रहे हैं। मात्रा के लिहाज से एफएमसीजी उद्योग की वृद्धि में इनका 38 फीसदी योगदान रहा।

### छोटे विनिर्माताओं ने बड़ी कंपनियों को पीछे छोड़ा

#### सस्ते पैक की मांग

एफएमसीजी के ग्राहक सफलता प्रमुख रूजवेल्ट डिसूजा ने कहा, चार तिमाहियों में पहली बार हमने देखा है कि खपत और मूल्य निर्धारण का संयोजन एफएमसीजी विकास को गति दे रहा है। अक्तूबर-दिसंबर तिमाही में छोटे/स्थानीय विनिर्माताओं ने बड़ी कंपनियों को पीछे छोड़ दिया है। उनके छोटे और किफायती पैक खपत को बढ़ावा दे रहे हैं। शीर्ष-8 महानगरों में मंदी के बावजूद ई-कॉमर्स खरीदारी व्यवहार को प्रभावित करता रहा।

### अब भी किराना दुकानों से ही खरीदारी

लोग खरीदारी के लिए अब भी किराना दुकानों जैसे पारंपरिक व्यापार माध्यमों का इस्तेमाल कर रहे हैं। नीलसनआईक्यू के मुताबिक, अक्तूबर-दिसंबर तिमाही में पारंपरिक माध्यमों के जरिये मात्रा के लिहाज से बिक्री सालाना आधार पर 3.9 फीसदी से बढ़कर 8.1 फीसदी के स्तर पर पहुंच गई है। इस दौरान सुपरमार्केट और हाइपरमार्केट जैसे आधुनिक व्यापार माध्यमों के जरिये बिक्री में 1.1 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। एफएमसीजी बिक्री में पारंपरिक व्यापार माध्यमों की कुल बाजार हिस्सेदारी 89 फीसदी है।

### खाने-पीने की वस्तुओं की बढ़ी खपत

रिपोर्ट के मुताबिक, अक्तूबर-दिसंबर तिमाही में खाद्य तेल और बेवरेजेज श्रेणियों ने खाद्य मात्रा में वृद्धि को बढ़ावा दिया। खाद्य तेल, पाम ऑयल और पैकेज्ड आटे जैसी प्रमुख श्रेणियों की कीमतों में बढ़ोतरी के बावजूद खाद्य उत्पादों की खपत वृद्धि 7 फीसदी पहुंच गई, जो 2023 की समान अवधि में 5.6 फीसदी थी। कपड़े धोने संबंधी उत्पादों की खपत बढ़ने से होम एंड पर्सनल केयर (एचपीसी) श्रेणी में समग्र वृद्धि दर बढ़कर 9.3 फीसदी पहुंच गई, जबकि मात्रा आधारित बढ़ोतरी की दर 7.3 फीसदी रही।

### कुल बिक्री में खाद्य उत्पादों का 61 फीसदी योगदान

एफएमसीजी उद्योग की कुल बिक्री में खाने-पीने की वस्तुओं का सबसे अधिक 61 फीसदी योगदान रहा। इसके बाद होम एंड पर्सनल केयर की 32 फीसदी हिस्सेदारी रही। बाकी सात फीसदी का योगदान ओवर-द-काउंटर (ओटीसी) उत्पादों ने दिया।

## गौडियम आईवीएफ एंड वीमेन हेल्थ लिमिटेड ने सेबी के साथ डीआरएचपी दाखिल किया

**मुंबई, एजेंसी।** गौडियम आईवीएफ एंड वीमेन हेल्थ लिमिटेड (गौडियम, कंपनी), जो भारत में आईवीएफ (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) उपचार में संलग्न है और वर्षों से हब एंड स्पोक मॉडल के तहत कई राज्यों में विस्तार कर चुकी है, ने आईपीओ की तैयारी के लिए सेबी के साथ अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है। इस इश्यू का आकार कुल 2,08,86,100 इक्विटी शेयरों का होगा, जिनका फेस वैल्यू 5 प्रति शेयर होगा। इसमें से 1,83,54,400 इक्विटी शेयर फ्रेश इश्यू के रूप में जारी किए जाएंगे और 25,31,700 इक्विटी शेयर ऑफर फॉर सेल के रूप में पेश किए जाएंगे।

गौडियम का उद्देश्य नए आईवीएफ केंद्रों की स्थापना के लिए पूंजीगत व्यय और कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए धन जुटाना है। इसके अलावा, यह अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, ईकेके ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड (ईकेके ग्लोबल) में निवेश करना चाहता है, ताकि एफएमसीजी उत्पाद लॉन्च किए जा सकें और इसकी कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों को पूरा किया जा सके।

31 मार्च 2024 को समाप्त अवधि के लिए, कंपनी ने 5,348.46 लाख के संचालन से राजस्व, 2,582.19 लाख का इबीअईटीडीए और 1,660.12 लाख का शुद्ध लाभ रिपोर्ट किया।

30 सितंबर 2024 को समाप्त अवधि के लिए, कंपनी ने 3,169.12 लाख के संचालन से राजस्व, 1,259.03 लाख का इबीअईटीडीए और 814.41 लाख का पीएटी रिपोर्ट किया।

## प्रीमियम प्लास्ट ने एच1 एफवाय25 में मार्जिन वृद्धि के साथ लाभप्रदता को मजबूत किया

**मुंबई, एजेंसी।** प्रीमियम प्लास्ट लिमिटेड जो विविध क्षेत्रों के लिए उच्च गुणवत्ता और सटीक प्लास्टिक घटकों का एक विश्वसनीय साझेदार है, ने वित्तीय वर्ष 2025 की पहली छमाही के लिए अपने अनॉडिटेड वित्तीय परिणामों की रिपोर्ट दी है।

मूल्यांकन पर टिप्पणी करते हुए प्रीमियम प्लास्ट लिमिटेड के श्री चेतन दवे, ने कहा, हमारी परिचालन दक्षताओं ने मजबूत इबीअईटीडीए और शुद्ध लाभ वृद्धि को बढ़ावा दिया है। हमारे सटीक इंजीनियरिंग, गुणवत्ता और नवाचार पर ध्यान केंद्रित करना हमारे व्यवसाय को आगे बढ़ाने में मदद करता है। मार्जिन में सुधार हमारे खर्च प्रबंधन और मूल्य-आधारित उत्पादों की पेशकश के प्रति हमारी अनुशासित दृष्टिकोण को दर्शाता है। हम अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करने और प्रमुख उद्योगों में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि आने वाले क्वार्टरों में स्थिर वृद्धि सुनिश्चित हो सके।

## सोनी लिव पर जल्द आ रहा है 'गेटवे टू शार्क टैंक- दिव्यांग स्पेशल'

**मुंबई, एजेंसी।** सोनी लिव एक खास एपिसोड' गेटवे टू शार्क टैंक- दिव्यांग स्पेशल 'लेकर आ रहा है, जो समावेशन को बढ़ावा देने और बाधाओं को दूर करने की दिशा में एक अहम पहल है।

इस एपिसोड का मकसद दिव्यांगों या उनके लिए काम कर रहे इनोवेटर्स और उद्यमियों को एक बड़ा मंच देना है, जहां वे अपने अनूठे विचारों और समाधानों को प्रस्तुत कर सकें।

इस विशेष एपिसोड में ऐसे इनोवेटिव आइडियाज शामिल होंगे, जो दिव्यांगों के जीवन को आसान बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। इसमें अदाणी एयरपोर्ट्स के डायरेक्टरजीत अदाणीका भी सहयोग मिलेगा।

## देव आईटी लिमिटेड को अग्रणी यूएसए एंटरप्राइज से दो साइबर सुरक्षा अनुबंध प्राप्त हुए

**मुंबई, एजेंसी।** देव इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी लिमिटेड एक वैश्विक आईटी और आईटीईएस कंपनी जो क्लाउड सेवाएं, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, एंटरप्राइज एप्लीकेशन और मैनेज्ड आईटी सेवाएं प्रदान करती है, ने एक मौजूदा यूएसए-आधारित एंटरप्राइज ग्राहक से दो महत्वपूर्ण साइबर सुरक्षा ऑर्डर हासिल करने की घोषणा की है। ये अनुबंध कंपनी को वार्षिक रूप से 250,000 अमेरिकी डॉलर (92 करोड़) का राजस्व प्रदान करेंगे।

देव आईटी कंप्लायंस गाइडेंस - ग्राहकों को आईएसओ, हिपा और जीडीपीआर मानकों को पूरा करने में मदद करना, और 24×7 मैनेज्ड एसओसी सेवाएं - कॉर्टेक्स और एज्योर सेंटिनल का उपयोग करके निरंतर खतरे की निगरानी प्रदान करेगी। देव आईटी की रणनीतिक बहु-स्तरीय संबंध प्रबंधन प्रणाली, विशेष रूप से ग्राहक के नए नेतृत्व के साथ, ने उन्हें ये महत्वपूर्ण साइबर सुरक्षा अनुबंध दिलाए हैं।

उनकी उच्च-गुणवत्ता वाले समाधानों के प्रति प्रतिबद्धता इस सफलता की कुंजी रही है और इन सेवाओं को वैश्विक स्तर पर बढ़ाने के लिए उनके आत्मविश्वास को मजबूत करती है। देव आईटी उद्यमों के लिए डिजिटल परिवर्तन और सुरक्षा उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के प्रति समर्पित है। इन ऑर्डरों पर टिप्पणी करते हुए, देव आईटी के संस्थापक और अध्यक्ष, श्री प्रणव पंड्या ने कहा- इन अनुबंधों को पाना हमारे ग्राहकों के हमारे प्रति विश्वास को पुष्ट करता है।

## ब्लू क्लाउड सॉफ्टेक सॉल्यूशंस लिमिटेड और वीआर सिद्धार्थ इंजीनियरिंग कॉलेज के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**मुंबई, एजेंसी।** ब्लू क्लाउड सॉफ्टेक सॉल्यूशंस लिमिटेड (बीसीएस) जो अत्याधुनिक एआईओटी समाधानों की अग्रणी प्रदाता है, ने विजयवाड़ा स्थित वीआर सिद्धार्थ इंजीनियरिंग कॉलेज (मानित विश्वविद्यालय) के साथ एक समझौता ज्ञापन (स्र्) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य उद्योग और शिक्षाविदों के बीच सहयोग को मजबूत करना और तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देना है। इस सहयोग के तहत डिजिटल फॉरेंसिक्स और साइबर सुरक्षा लैब की स्थापना की जाएगी। यह समझौता बीसीएसएस की अध्यक्ष सुश्री जानकी यारलगड्डा और वीआर सिद्धार्थ इंजीनियरिंग कॉलेज के कुलपति प्रोफेसर परुचुरी वेंकटेश्वर राव के बीच हुआ। यह सहयोग सैद्धांतिक शिक्षा और व्यावहारिक उद्योग अनुभव के बीच की खाई को पाटने में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस समझौते के तहत, दोनों संस्थान विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग करेंगे। इस अवसर पर, प्रोफेसर परुचुरी वेंकटेश्वर राव ने कहा, ब्लू क्लाउड सॉफ्टेक सॉल्यूशंस लिमिटेड के साथ हमारी साझेदारी हमारे छात्रों के व्यावहारिक शिक्षण अनुभव को समृद्ध करने के हमारे मिशन के अनुरूप है। यह समझौता हमारे शिक्षकों और छात्रों के लिए अत्याधुनिक तकनीकी विकास से जुड़ने के नए अवसर खोलेगा। समझौते के तहत, वीआर सिद्धार्थ इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों को बीसीएसएस में इंटर्नशिप, शोध परियोजनाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। यह न केवल भविष्य के लिए तैयार पेशेवरों को विकसित करने में मदद करेगा, बल्कि बीसीएसएस को मजबूत तकनीकी विशेषज्ञता वाले प्रतिभाशाली स्नातकों तक पहुंचने में भी सक्षम बनाएगा। इस रणनीतिक गठबंधन के माध्यम से, बीसीएसएस और वीआर सिद्धार्थ इंजीनियरिंग कॉलेज नवाचार को बढ़ावा देने और एक सशक्त पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए तत्पर हैं, जहां उद्योग और शिक्षा क्षेत्र सुगमता से एकीकृत हो सकें।

## सिंजेंटा का राष्ट्रीय वैज्ञानिक सेमिनार, नेमाटोड के ख़िलाफ़ जंग में अग्रणी कदम

**इंदौर।** पहली बार, देश भर से 100 से अधिक कृषि वैज्ञानिक नेमाटोड के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए एक राष्ट्रीय सेमिनार में एकत्र हुए। नेमाटोड्स फसलों की भारी क्षति के कारण बनते हैं, जिससे हर साल लगभग 25,000 करोड़ रुपये की आर्थिक हानि होती है। हाल ही में सिंजेंटा इंडिया द्वारा आयोजित इस सेमिनार में विशेषज्ञों ने प्रभावी नेमाटोड प्रबंधन की तात्कालिक आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि मृदा स्वास्थ्य को सुरक्षित रखा जा सके, फसल उत्पादकता बनी रहे और रसायनिक हस्तक्षेप को कम किया जा सके। वैज्ञानिकों ने सरकार के कृषि-केंद्रित बजट की सराहना करते हुए वैज्ञानिक अनुसंधान में अधिक निवेश और एक मजबूत अनुसंधान एवं विकास पाइपलाइन की मांग की। राष्ट्रीय सेमिनार में, विशेषज्ञों ने नेमाटोड्स के विनाशकारी प्रभाव को उजागर किया। ये सूक्ष्म कीड़े पौधों की जड़ों पर हमला कर फसल की वृद्धि को रोकते हैं, उपज को कम करते हैं और बीमारियों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाते हैं। ह एक दिवसीय सेमिनार सिंजेंटा इंडिया के विश्वविद्यालयों और अनुसंधान संस्थानों के साथ साझेदारी की प्रतिबद्धता के अनुरूप आयोजित किया गया था। इस पहल का उद्देश्य नेमाटोड प्रबंधन के लिए तकनीक-आधारित समाधान विकसित करना और किसानों को इसके प्रभाव के बारे में जागरूक करना है।सेमिनार का उद्घाटन करते हुए, सुशील कुमार, कंट्री हेड और एमडी, सिंजेंटा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने कृषि चुनौतियों से निपटने में किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, किसान हमारे खाद्य सुरक्षा प्रयासों के केंद्र में हैं।

## हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लि. को एनएचएआई से 67.16 करोड़ का प्रोजेक्ट मिला

**मुंबई, एजेंसी।** हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड जो इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन कॉन्ट्रैक्टिंग सेवाओं में अग्रणी है, ने घोषणा की है कि कंपनी को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से लेटर ऑफ एक्सेप्टेंस प्राप्त हुआ है। यह प्रोजेक्ट कर्नाटक राज्य में नेशनल हाइवे 648 (पुराना एनएच-207) के डोबासपेट से डोड्डाबल्लापुर बाईपास सेक्शन के किमी 0.00 से किमी 42.00 तक चार-लेन के उपयोग के लिए हुलिकुंटे फी प्लाजा पर च.12.300 पर यूजर फी संग्रह एजेंसी के रूप में कार्य करने के लिए प्रदान किया गया है। इस प्रोजेक्ट का मूल्य 67.16 करोड़ रुपये है। इससे पहले, कंपनी ने घोषणा की थी कि उसके बोर्ड ने स्क्वायर पोर्ट शिपयार्ड प्राइवेट लिमिटेड के साथ विलय के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दी है, जिसका उद्देश्य दोनों व्यवसायों की ताकत और सिनर्जी को मिलाकर सभी हितधारकों के बेहतर हित में काम करना है। हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड भारत के तेजी से विकसित हो रहे इंफ्रास्ट्रक्चर लैंडस्केप में अग्रणी भूमिका निभा रही है। कंपनी ने उच्च गुणवत्ता और विश्वसनीय ईपीसी कॉन्ट्रैक्टिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए एक व्यवसायिक वर्टिकल विकसित किया है। राष्ट्र निर्माण प्रक्रिया में बढ़ती मांग को देखते हुए, एचएमपीएल इस उद्योग में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरी है। पिछले कुछ वर्षों में, एचएमपीएल ने महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम के लिए ईपीसी और हाइब्रिड एन्युइटी मॉडल के माध्यम से कई प्रमुख प्रोजेक्ट्स को सफलतापूर्वक पूरा किया है। 2019 में कोविड-19 महामारी की चुनौतियों के बावजूद वाकन पाली हाईवे का सफलतापूर्वक निर्माण एचएमपीएल के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ। कंपनी ने समृद्धि एक्सप्रेसवे के पैकेज 11 और हा 48 हाईवे प्रोजेक्ट में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जो प्रोजेक्ट एक्जीक्यूशन में उत्कृष्टता के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अब तक का सफर एचएमपीएल की सफल साझेदारियों की क्षमता से चिह्नित रहा है, जो उसके प्रोजेक्ट्स की सफलता के लिए आवश्यक रही हैं। एक मजबूत प्रबंधन टीम, जो तकनीकी और वाणिज्यिक दोनों पहलुओं में कुशल है, ने कंपनी को लगातार विकास और सफलता की ओर अग्रसर किया है। एचएमपीएल की नींव समय पर कार्य पूरा करने, उच्च गुणवत्ता मानकों को बनाए रखने और सुरक्षा को प्राथमिकता देने के प्रति प्रतिबद्धता पर रखी गई है।

## इंदौर के वरुण और बबिता ने शार्क टैंक में जीती 1.75 करोड़ रुपये की डील

### सोलर एनर्जी का उपयोग कर प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण और पोषणयुक्त खाद्य पदार्थों का उत्पादन



#### शार्क टैंक डील, 1.75 करोड़ रुपये, 7 प्रतिशत इक्विटी पर

**इंदौर, एजेंसी।** अगर संकल्प मजबूत हो, तो कोई भी चुनौती बड़ी नहीं होती, अगर हम कुछ नया करने का साहस रखते हैं और अपने विश्वास पर टिके रहते हैं, तो सफलता जरूर मिलती हैं। इस बात को सही साबित करते हुए इंदौर के वरुण और बबीता रहेजा ने शार्क टैंक सीजन-4 में अपने अनूठे और सस्टेनेबल बिज़नेस आइडिया के दम पर 1.75 करोड़ रुपये की डील 7 प्रतिशत इक्विटी पर हासिल कर ली है। मां - बेटे की इस जोड़ी ने अपने स्टार्टअप रहेजा सोलर फूड प्रोसेसिंग ग्रुप के सोलर ड्रायर तकनीक को प्रस्तुत किया, जो किसानों के लिए फायदेमंद होने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है।

शार्क विनीता सिंह, पियूष बंसल और कुणाल बहल ने इस इनोवेटिव बिज़नेस मॉडल को सराहा और इसे सपोर्ट करने का निर्णय लिया। इस स्टार्टअप का प्रमुख उद्देश्य किसानों को उनके उत्पादन का अधिकतम लाभ दिलाना है और खाद्य संरक्षण की एक पारंपरिक तकनीक को नए स्तर पर ले जाना है।

शार्क टैंक सीजन-4 में मिली कामयाबी का हर्ष जताते हुए बबिता रहेजा ने कहा कि, रहेजा सोलर फूड प्रोसेसिंग ग्रुप ने भारतीय परिवारों में पीढ़ियों से चली आ रही परंपरा को आधुनिक तकनीक से जोड़ा है। हमारे घरों में हमेशा से सीजनल फल, सब्जियों और मसालों को सुखाकर संग्रहित करने की परंपरा रही है, जिससे वे सालभर उपयोग में आ सकें। हमने इसी विचार को बड़े स्तर पर अपनाते हुए, किसानों के खेतों में ही रहेजा सोलर ड्रायर स्थापित किए हैं, ताकि टमाटर जैसे उत्पादों को खराब होने से बचाया जा सके। इस तकनीक का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह पूरी तरह सोलर ऊर्जा पर आधारित है, जिससे फलों और सब्जियों के पोषक तत्व सुरक्षित रहते हैं। पारंपरिक इलेक्ट्रिक ड्रायर्स की तुलना में, सोलर ड्रायर प्राकृतिक ऊर्जा का अधिकतम उपयोग करता है और पर्यावरण को भी नुकसान नहीं पहुंचाता।

वरुण रहेजा ने कहा कि, हर साल किसान हजारों टन फल, सब्जियां और मसाले बर्बाद करने को मजबूर होते हैं, जिससे करीब 90 हजार करोड़ रुपये का नुकसान होता है। इस समस्या के समाधान के लिए सोलर ड्रायर का उपयोग एक महत्वपूर्ण कदम है।

## ज़हान कपूर को आईएमडीबी स्टारमीटर पुरस्कार मिला

**मुंबई, एजेंसी।** फिल्मों, टीवी शो और मशहूर हस्तियों के बारे में जानकारी के लिए दुनिया का सबसे लोकप्रिय और आधिकारिक स्रोत आईएमडीबी ने ब्लैक वारंट स्टार जहान कपूर को आईएमडीबी ब्रेकआउट स्टार स्टारमीटर पुरस्कार प्रदान किया। यह पुरस्कार आईएमडीबी ऐप पर प्रकाशित लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की सूची में मजबूत प्रदर्शन करने वालों को मान्यता देता है। यह सूची दुनिया भर में आईएमडीबी पर 250 मिलियन से अधिक मासिक दर्शकोंके पेज व्यू को दर्शाती है, और यह उन सितारों के बारे में सटीक भविष्यवाणी करता है जो अपने करियर में एक सफल मोड़ लेने वाले हैं। कपूर, विक्रमादित्य मोटवानी की जेल ड्रामा फिल्म ब्लैक वारंट में दिल्ली की तिहाड़ जेल के पूर्व अधीक्षक सुनील कुमार गुप्ताके वास्तविक जीवन की भूमिका निभाई हैं। अपनी मनोरंजक कथा और प्रभावशाली अभिनय के लिए प्रशंसित, इस श्रृंखला ने दुनिया भर में दर्शकों को प्रभावित किया है और आईएमडीबी के ग्राहकों ने इसे 8.0/10 रेटिंग दी है। शो की सफलता के बाद, कपूर तीन बार लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की सूची में शीर्ष 10 में स्थान बना चुके हैं, जिसमें दो सप्ताह पहले शीर्ष स्थान पर पहुँचना भी शामिल है। कपूर की पिछली फिल्मों में फ़राज शामिल है, जो 2022 में उनकी पहली फ़िल्म थी।

## महिंद्रा इलेक्ट्रिक ओरिजिन एसयूवी के सभी 9 वेरिएंट्स की बुकिंग 14 फरवरी से शुरू होगी




**मुंबई, एजेंसी।** महिंद्रा की इलेक्ट्रिक ओरिजिन एसयूवी अपनी विश्वस्तरीय खूबियों के साथ एक नया बेंचमार्क स्थापित कर रही हैं, जो भारत के लिए अनलिमिटइंडिया गौरव का क्षण बन गया है। ग्राहकों की जबरदस्त प्रतिक्रिया को देखते हुए, महिंद्रा ने एक्सईवी9ई और बीई 6 के सभी वेरिएंट्स की बुकिंग 14 फरवरी 2025, सुबह 9 बजे से खोलने की घोषणा की है। मांग को पूरा करने के लिए एक संरचित उत्पादन विस्तार योजना लागू की जा रही है, जिसमें प्रत्येक वेरिएंट की डिलीवरी समय-सीमा साझा की गई है।



लक्ष्मण उतेकर ने खुद साझा की घटना

# 'छावा' के डायरेक्टर ने रात भर विक्की को क्यों बांधकर रखा?

हाल ही में फिल्म 'छावा' के डायरेक्टर लक्ष्मण उतेकर ने बताया कि एक सीन को शूट करने के लिए विक्की को रात भर बांधकर रखा गया। इसके कारण एक्टर को काफी तकलीफ भी हुई। आखिर डायरेक्टर लक्ष्मण उतेकर ने ऐसा क्यों किया?

जल्द ही विक्की कौशल की फिल्म 'छावा' रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में विक्की ने छत्रपति संभाजी महाराज का किरदार निभाया है। हाल ही में फिल्म के निर्देशक लक्ष्मण उतेकर ने बताया कि वे एक खास सीन शूट कर रहे थे, जिसके लिए विक्की कौशल को रात भर बांधकर रखा गया। इस सीन का फिल्म से क्या कनेक्शन है? विक्की के साथ इस सीन के बाद क्या हुआ?

### टॉर्चर करने वाला सीन फिल्माया गया

हाल ही में लक्ष्मण उतेकर ने बताया कि फिल्म 'छावा' के आखिर दिनों की शूटिंग में संभाजी महाराज के जीवन का वो पहलू फिल्माया जाना था, जब औरंगजेब ने उन्हें प्रताड़ित किया था।

ऐसे में विक्की कौशल पर भी वैसे ही सीन फिल्माए जा रहे थे। इसके लिए उन्हें बांधा गया, उनके हाथ जंजीरों से बंधे होते थे। शूटिंग का दिन खत्म हुआ तो विक्की के हाथ खोले गए लेकिन विक्की के हाथ सून पड़ गए, वह हाथों को हिला नहीं पा रहे थे।



# रोजलिन खान ने किया था आत्महत्या का प्रयास

अभिनेत्री रोजलिन खान ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने बताया कि वह भावनात्मक रूप से टूट गई थीं। इस वजह से उन्होंने आत्महत्या का प्रयास किया था। दुखद पल का खुलासा करने के लिए रोजलिन ने सोशल मीडिया का सहारा लिया। पोस्ट में रोजलिन ने बताया कि वह मेंटल हेल्थ प्रॉब्लम से गुजर चुकी हैं।

अभिनेत्री ने अपनी बहन की पोस्ट को री-पोस्ट किया, जिसमें लिखा था, कल रात मेरी छोटी बच्ची बहुत बुरी तरह से भावनात्मक रूप से टूट गई थी, उसने आत्महत्या का प्रयास किया और मैंने उसे रोका, कृपया उसे अकेला छोड़ दें! रोजलिन खान मजबूत बनो। रोजलिन ने बहन की पोस्ट पर कमेंट करते हुए लिखा, कल रात आपको परेशान करने के लिए माफ करें! रोजलिन खान हाल ही में कुछ चौंकाने वाले खुलासे करने के लिए सुर्खियों में रही हैं।

कैंसर के स्टेज 4 का इलाज करवा रहीं अभिनेत्री ने हाल ही में टीवी अभिनेत्री हिना खान पर गंभीर आरोप लगाए थे, जिसमें दावा किया गया कि उन्होंने अपने कैंसर के इलाज के डिटेल्स को छिपाने के लिए अपने डॉक्टर मंदार नादकर्णी को रिश्वत दी थी। रोजलिन खान ने कहा, यह देखकर आश्चर्य होता है कि डॉ. मंदार नादकर्णी इस विषय पर खुलकर और स्पष्ट रूप से सामने नहीं आ रहे हैं। एक डॉक्टर के रूप में उनकी नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी है कि वे इस मामले में खुलकर सामने आएं, ताकि दुनिया भर के कैंसर रोगी गुमराह न हों।

मुझे नहीं पता कि उन्हें चुप रहने के लिए क्या मजबूर कर रहा है। हो सकता है कि हिना खान ने वास्तव में उन्हें इस मामले में चुप रहने के लिए रिश्वत दी हो। यह बहुत दुखद है, खासकर एक कैंसर मरीज के रूप में। इससे पहले रोजलिन ने पूर्व क्रिकेटर और राजनेता नवजोत सिंह सिद्धू को भेजे गए कानूनी नोटिस पर कड़ी प्रतिक्रिया दी थी।



# 'लाइगर' में काम करने से पहले अनन्या पांडे को था यह संदेह

हाल ही में चंकी पांडे ने एक इंटरव्यू में बताया कि बेटी अनन्या पांडे फिल्म 'लाइगर' को करने से पहले डाउट में थी। चंकी से इस बारे में एक्ट्रेस ने बात भी की। क्या वजह थी, जिसके कारण अनन्या फिल्म 'लाइगर' को करने से पहले डाउट में आ गई थी? जल्द ही चंकी पांडे फिल्म 'हाउसफुल 5' में नजर आएंगे। एक हालिया दिए इंटरव्यू में चंकी पांडे ने अपनी बेटी अनन्या के एक्टिंग करियर को लेकर भी बात की। इसी इंटरव्यू में चंकी पांडे ने बताया कि जब अनन्या को फिल्म 'लाइगर' ऑफर हुई थी तो वह डाउट में थी कि यह फिल्म करे या ना करे?

### अनन्या ने चंकी से बात की

चंकी पांडे हालिया इंटरव्यू में बताते हैं कि अनन्या फिल्म 'लाइगर' को करने से पहले उनके पास आई थी। उसने पूछा था कि पापा मैं इस फिल्म को करने के लिए काफी यंग हूं। वह जानना चाहती थी कि क्या इस फिल्म का करना चाहिए या नहीं? तब चंकी ने जवाब दिया था कि बड़ी कमर्शियल फिल्म है, करनी चाहिए। अब चंकी को लगता है कि अनन्या सही थी।



# ग्रैमी में बोल्ड ड्रेस से सनसनी मचाने वाली बियांका मुश्किलों में

## क्या होगा इनपर कानूनी एक्शन?

ग्रैमी अवार्ड्स में बियांका सेंसरी अपने पति कान्ये वेस्ट के साथ पहुंची थी, जहां उन्होंने अपने बोल्ड ड्रेस से सबको चौंका दिया था। अब इस मामले में बियांका मुश्किलों में आ गई हैं। आइए जानते हैं क्या होगा इनपर कोई कानूनी एक्शन?

हाल ही में हुआ 67वां ग्रैमी अवार्ड्स चर्चा का केंद्र बना रहा, जिसकी मुख्य वजह थी कान्ये वेस्ट की पत्नी बियांका सेंसरी। बियांका ने रेड कार्पेट पर बोल्ड ड्रेस में पूरी मीडिया में सनसनी मचा दी थी। अब कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक यह सामने आ रहा है कि इनपर कोई कानूनी एक्शन नहीं होगा।

**क्या है पूरा मामला?**

बीते 3 फरवरी को लॉस एंजेलिस में ग्रैमी अवार्ड्स का आयोजन किया गया था। इस अवार्ड शो में कई कलाकार पहुंच रहे थे, तभी रैपर कान्ये वेस्ट अपनी पत्नी बियांका सेंसरी के साथ पहुंचती हैं। सनसनी तब मच जाती है, जब बियांका अपना काले फर वाला कोट उतार देती हैं, जिसके बाद वह सिर्फ एक ट्रांसपेरेंट ड्रेस में नजर आती हैं। इसके बाद पूरी मीडिया में वह अपने इस बोल्ड अवतार के लिए छा जाती हैं। लोग उनपर कई तरह की टिप्पणियां करते हैं, जिसमें कुछ उनपर कानूनी कार्रवाई की मांग भी करते हैं।

**बियांका पर किसी ने नहीं लगाया आरोप**

रिपोर्ट के अनुसार, सूत्रों ने बताया कि ग्रैमी अवार्ड एक निजी समारोह है, जिसके सदस्यों ने अभी तक पुलिस में कोई शिकायत नहीं की है, इस कारण बियांका पर कोई कानूनी कार्यवाई नहीं हो सकती। साथ ही एक वकील ने इंटरव्यू में बताया कि बियांका सेंसरी ने जो किया वह गलत है, लेकिन अगर आप किसी को ठेस पहुंचाने के लिए अश्लील व्यवहार करते हैं, तो उसपर कार्रवाई होती है। इस कारण बियांका के ऊपर यहां कोई कार्रवाई नहीं हो सकती।

**इन तरीकों से हो सकता है नियमों का उल्लंघन**

वह वकील बताती हैं कि बियांका के ड्रेस को लेकर नियमों कुछ उल्लंघन हो सकते हैं, क्योंकि टेलीविजन नेटवर्क सीबीएस द्वारा आप शरीर के किसी भी अंग को आपत्तिजनक तौर पर नहीं दिखा सकते। वैसे अमेरिका टेलीविजन प्रसारण की भी यह जिम्मेदारी होती है कि वह किसी भी आपत्तिजनक चीजों का प्रसारण ना होने दें।



# अंगद बेदी को जन्मदिन पर पत्नी नेहा धूपिया ने दे डाली नसीहत

अभिनेता के जन्मदिन को और भी खास बनाने में उनकी पत्नी और अभिनेत्री नेहा धूपिया ने कोई कसर नहीं छोड़ी। अभिनेत्री ने अंगद से कहा कि वह वादा करती हैं कि हमेशा उनका साथ देंगी। इसके साथ ही नेहा ने अंगद को सरल अंदाज में फोन से दूर रहने की नसीहत भी दे दी।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट शेयर करते हुए अभिनेत्री ने खुद को अंगद के लिए एक बेहतर श्रोता बनने का वादा किया। नेहा ने कैप्शन में लिखा, जन्मदिन मुबारक माई लव, तुम्हारे लिए तोहफे के रूप में मैं एक बेहतर श्रोता बनने का वादा करती हूं। मैं हर जगह समय पर आपके साथ रहूंगी। अभिनेत्री ने पोस्ट में आगे बताया कि अंगद की फिल्मों को लेकर पसंद उनकी तुलना में बेहतर है और इस बात को वह स्वीकार करती हैं। नेहा ने लिखा, मैं उन चीजों की कम चिंता करूंगी जो कभी नहीं हो सकती हैं। मैं शायद कभी कम बात करूं और तुम्हें ज्यादा बात करने दूं। मैं तुम्हें विश्वास दिलाती हूं कि फिल्मों की तुम्हारी पसंद (जो फिल्में हम देखते हैं) मेरी तुलना में बेहतर है। तुम खूब क्रिकेट देखो, खेलो, धीरे खाओ, तेज दौड़ो। कम से कम आज तो फोन कम चलाओ। मैं तुम्हारे होने का हर दिन जश्न मनाती हूं। हैप्पी बर्थडे माई लव। अंगद बेदी ने साल 2018 में अभिनेत्री नेहा धूपिया से दिल्ली में शादी की थी। अंगद-नेहा दो बच्चों के माता-पिता हैं। बता दें, अंगद बेदी भारतीय क्रिकेट कप्तान रहे दिवंगत बिशन सिंह बेदी के बेटे हैं।

# सोनू सूद के खिलाफ जारी हुआ गिरफ्तारी का वारंट




बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद के लिए मुश्किलें बढ़ गई हैं। धोखाधड़ी एक मामले में गवाही देने के लिए पेश न होने पर अदालत ने गुरुवार को उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया। यह मामला लुधियाना के वकील राजेश खन्ना की ओर से दायर किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि मोहित शुक्ला नाम के व्यक्ति ने उनके साथ 10 लाख रुपये की ठगी की। वकील का कहना है कि मोहित शुक्ला ने उन्हें झांसा देकर एक फर्जी रिजिका कॉइन में निवेश करने के लिए बहलाया था और इस मामले में सोनू सूद को गवाही देनी थी। हालांकि, अदालत की ओर से कई बार समन भेजे जाने के बावजूद अभिनेता सोनू सूद ने इन्हें नजरअंदाज किया। इस पर अदालत ने अब गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। अदालत के आदेश में कहा गया, सोनू सूद को विधिवत समन या वारंट जारी किया गया है, लेकिन वह उपस्थित होने में विफल रहे हैं। आपको आदेश दिया जाता है कि सोनू सूद को गिरफ्तार कर अदालत के समक्ष पेश करें।

### 10 फरवरी को अगली सुनवाई

मुंबई के अंधेरी पश्चिम में ओशिवारा पुलिस स्टेशन को वारंट भेजा गया है, जिसमें उन्हें अभिनेता को गिरफ्तार करने और अदालत में पेश करने का निर्देश दिया गया है। मामले की अगली सुनवाई 10 फरवरी को होगी।

# रूपाली गांगुली पति अश्विन को मानती हैं अपना सबसे अच्छा दोस्त

अभिनेत्री रूपाली गांगुली ने शादी की 12वीं सालगिरह पर पति अश्विन के. वर्मा को शुभकामनाएं देने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। अभिनेत्री ने एक मजेदार वीडियो के साथ बताया कि उनका वजूद अश्विन से ही है। वही उनके सबसे अच्छे प्रशंसक के साथ दोस्त भी हैं।



अभिनेत्री अक्सर मजेदार पोस्ट के साथ सोशल मीडिया पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराती रहती हैं। वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए अभिनेत्री ने बताया कि उनके पति उनके सबसे बड़े समर्थक हैं और उनकी जिंदगी में अश्विन की भूमिका महत्वपूर्ण है।

अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, 12 साल और गिनती जारी है। तुम्हारे बिना मैं अपनी जिंदगी में क्या करूंगी, कुछ नहीं कर सकती। तुमने मुझे पहचान दिलाई। हर परिस्थिति में सपोर्ट किया। तुम मेरे सबसे बड़े आलोचक होने से सबसे उत्साही चीयरलीडर रहे हो। अभिनेत्री ने पति को न केवल अच्छा दोस्त, प्रशंसक बल्कि अपने बच्चे का सबसे अच्छा पिता भी बताया। पति के लिए अपने प्यार का इजहार करते हुए उन्होंने आगे लिखा, सबसे अच्छे पिता होने से लेकर आप रुद्रांश के सबसे अच्छे दोस्त रहे हो। मैं धूप में चल सकती हूं क्योंकि आप छाए में मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। मैं आपसे बेइंतहा प्यार करती हूं। गांगुली ने 6 फरवरी 2013 को व्यवसायी अश्विन के. वर्मा से बंगाली रीति-रिवाज से शादी की थी। जोड़े को एक बेटा है, जिसका नाम उन्होंने रुद्रांश रखा है। इससे पहले अभिनेत्री ने एक मजेदार पोस्ट के जरिए बताया था कि जब निर्देशक इमोशनल सीन समझाते हैं तब वह अटपटा काम करती हैं। शेयर किए गए वीडियो में अभिनेत्री गायक दलेर मेहंदी के गाने 'सजन मेरे सतरंगिया' पर डांस करती नजर आईं। वीडियो के साथ रूपाली ने बताया कि जब निर्देशक उन्हें 'इमोशनल सीन' समझाते हैं तो उनके दिमाग में क्या चलता है।



## इस बोल्ड एक्ट्रेस ने ली दीक्षा

# बोलीं- महिलाएं छोटे कपड़े पहनने के लिए नहीं

बॉलीवुड अभिनेत्री इशिका तनेजा गुरु दीक्षा ले चुकी हैं। उन्होंने मौनी अमावस्या पर महाकुंभ में डुबकी लगाने के बाद सनातन की सेवा करने की कसम भी खाई।

आइए जानते हैं कौन हैं इशिका तनेजा? बॉलीवुड अभिनेत्री इशिका तनेजा, जो कि गुरु दीक्षा लेने के बाद से ग्लैमर की दुनिया से किनारा कर चुकी हैं। उन्होंने गुरुवार को निरंजनी अखाड़ा के महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरी महाराज से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इससे पहले इशिका ने मौनी अमावस्या पर गंगा में डुबकी लगाने के बाद सनातन धर्म का प्रचार करने की कसम खाई थी। आइए जानते हैं कौन हैं इशिका तनेजा?

### कौन हैं इशिका तनेजा?

इशिका तनेजा ने साल 2018 में 'मिस वर्ल्ड टूरिज्म' का खिताब जीता था। अभिनेत्री को साल 2016 में भारत की 100 सफल महिलाओं की श्रेणी में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। इशिका साल 2017 में मधुर भंडारकर की फिल्म 'इंदु सरकार' में अभिनय भी किया है।

इसके अलावा वह विक्रम भट्ट की सीरीज 'हद' में भी नजर आईं। इसके अलावा अभिनेत्री के नाम 60 मॉडलो पर 60 मिनट में 60 फुल एयरब्रश मेकअप करने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड भी है।

साभार एजेंसी

श्रीलंका वर्सेस ऑस्ट्रेलियाः



# नाथन लायन ने टेस्ट क्रिकेट में रचा इतिहास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के बीच दूसरा टेस्ट मुकाबला खेला जा रहा है। इस मैच में श्रीलंका के कप्तान धनंजय डि सिल्वा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, जो गलत साबित हुआ। नाथन लायन और मिचेल स्टार्क की घातक गेंदबाजी के आगे श्रीलंकाई बल्लेबाज टिक नहीं पाए और आउट हो गए। श्रीलंका ने अभी तक 9 विकेट के नुकसान पर 229 रन बना लिए हैं। लायन ने मैच में एक खास रिकॉर्ड बना दिया है।

**नाथन लायन ने किया कमाल**

श्रीलंका के खिलाफ पहली पारी में नाथन लायन ने अभी तक 30 ओवर में 78 रन देकर 3 विकेट चटकाए हैं। उनकी गेंदों का तोड़ श्रीलंका के बल्लेबाजों के पास नहीं था। इसी वजह से उनका बैटिंग ऑर्डर बुरी तरह से धराशायी हो गया। पहली पारी में तीन विकेट लेते ही लायन ने एशिया में अपने 150 टेस्ट विकेट पूरे कर लिए हैं। इसी के साथ वह एशिया में 150 टेस्ट विकेट पूरे करने वाले पहले नॉन एशियन बॉलर बने हैं। उनसे पहले ऑस्ट्रेलिया के ही शेन वॉर्न ने एशिया में 127 विकेट चटकाए थे। लेकिन वह भी एशिया में टेस्ट में 150 विकेट नहीं ले पाए थे।

**एशिया में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले नॉन एशियन बॉलर**

नाथन लायन- 150 विकेट
शेन वार्न- 127 विकेट
डेनियल विटोरी- 98 विकेट
जेम्स एंडरसन- 92 विकेट
डेल स्टेन- 92 विकेट

**वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में लिए हैं सबसे ज्यादा विकेट**

नाथन लायन वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले बॉलर हैं। उन्होंने अभी तक WTC में कुल 50 मैचों में ही 206 विकेट हासिल किए हैं, जिसमें 10 पांच विकेट हॉल शामिल हैं। वह ऑफ स्पिन के लिए जाने जाते हैं और उनकी गेंदों को समझ पाना किसी भी बल्लेबाज के लिए आसान नहीं है।

**साल 2011 में ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट में किया डेब्यू**

नाथन लायन ने ऑस्ट्रेलिया के लिए साल 2011 में टेस्ट में श्रीलंका के खिलाफ डेब्यू किया था। इसके बाद से ही दमदार प्रदर्शन की वजह से ही ऑस्ट्रेलियाई टीम की अहम कड़ी बन गए। वह अपने दम पर ऑस्ट्रेलिया की टीम को कई मैच जिता चुके हैं। उन्होंने अभी तक 136 टेस्ट मैचों में कुल 549 विकेट अपने नाम किए हैं।

## स्टीव स्मिथ ने 8 पारियों में चौथा शतक जड़ा, जो रूट और राहुल द्रविड़ की बराबरी की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने शुक्रवार (7 फरवरी) को टेस्ट क्रिकेट में 36वां शतक जड़ा। इस शतक के साथ वह वर्तमान में खेल रहे खिलाड़ियों में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए।



स्मिथ के अलावा जो रूट के 36 टेस्ट शतक हैं। इसके अलावा भारतीय टीम के दिग्गज खिलाड़ी राहुल द्रविड़ के नाम भी 36 शतक हैं। स्टीव स्मिथ ने पिछली 8 पारियों में चौथा शतक जड़ा है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के ब्रिस्बेन टेस्ट की पहली पारी में उन्होंने 101 रन की पारी खेली थी। इसके बाद उन्होंने मेलबर्न में 140 रन की पारी खेली। इसके बाद उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट में 141 रन की पारी खेली थी। अब दूसरे टेस्ट में भी उन्होंने शतक जड़ दिया।

पैट कमिंस की अनुपलब्धता में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी कर रहे स्टीव स्मिथ ने उस्मान ख्वाजा के साथ 54 रन की साझेदारी की।

इसके बाद उन्होंने विकेटकीपर एलेक्स कैरी के साथ 150 रनों की साझेदारी कर दी है। कैरी भी अर्धशतक जड़ चुके हैं।

**फुटबॉलः**

## सात साल में तीसरी बार निलंबित हुआ पाकिस्तान फुटबॉल फेडरेशन

**मैड्रिड, एजेंसी।** अपने संविधान में संशोधन करने में विफल रहने वाले पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ (पीएफएफ) को अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) ने निलंबित कर दिया है। फीफा का मानना है कि पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ का संविधान देश में खेल के सुचारू और न्यायपूर्ण शासन के लिए ठीक नहीं है। फीफा ने कहा कि पाकिस्तान तब तक निलंबित रहेगा जब तक पीएफएफ कांग्रेस उन संशोधनों को नहीं कर लेती। 2017 के बाद से यह पाकिस्तान फुटबॉल फेडरेशन का तीसरा निलंबन है।




जून 2019 से पाकिस्तान फुटबॉल को फीफा द्वारा नियुक्त सामान्यीकरण समिति द्वारा चलाया जा रहा है। उन्हें चुनाव कराने और फुटबॉल सेट-अप में समानांतर समूहों को खत्म करने का काम सौंपा गया था, लेकिन यह इन योजनाओं को ठीक से निष्पादित करने में विफल रही है।पिछले कुछ समय में सामान्यीकरण समिति के प्रमुख और सदस्य बदल गए हैं, लेकिन पाकिस्तान में खेल में मुख्य मुद्दे अभी भी बने हुए हैं। सामान्यीकरण समिति का सरकारी पाकिस्तान खेल बोर्ड के साथ विवाद चल रहा है, जिसके कारण संशोधनों में देरी हुई है।

इस सप्ताह की शुरुआत में पीएफएफ सामान्यीकरण समिति के अध्यक्ष हारून मलिक ने एक संसदीय पैनल को चेतावनी दी थी कि 15 फरवरी उनके कार्यकाल का आखिरी दिन होगा और अगर पाकिस्तान ने संवैधानिक संशोधनों को लागू नहीं किया तो उसे निलंबन का जोखिम उठाना पड़ सकता है। मलिक ने यह भी स्पष्ट किया कि संशोधन करने का मतलब यह नहीं है कि वह देश की फुटबॉल संचालन संस्था के चुनाव में संभावित उम्मीदवार बन जाएंगे।

## वैलेंसिया को हराकर बर्सिलोना कोपा डेल रे सेमीफाइनल में



**मैड्रिड, एजेंसी।** बार्सिलोना की इस बड़ी जीत में टोरेस ने तीसरे, 17वें और 30वें मिनट में गोल किए। उनके अलावा फर्मिन लोपेज ने 23वें और लैमिन यामल ने 59वें मिनट में गोल किया, जिससे बार्सिलोना ने शान के साथ सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की।

फेरान टोरेस ने पहले आधे घंटे में हैट्रिक बनाई जिससे बार्सिलोना ने वालेंसिया को 5-0 से करारी शिकस्त देकर कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली। वहीं, गत चैंपियन लिवरपूल ने सेमीफाइनल के दूसरे चरण में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए टोटेनहम को 4-0 से हराकर इंग्लिश लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया जहां उसका सामना न्यूकैसल से होगा।

बार्सिलोना की इस बड़ी जीत में टोरेस ने तीसरे, 17वें और 30वें मिनट में गोल किए। उनके अलावा फर्मिन लोपेज ने 23वें और लैमिन यामल ने 59वें मिनट में गोल किया, जिससे बार्सिलोना ने शान के साथ सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। एक अन्य क्वार्टर फाइनल मैच में रियाल सोसिदाद ने ओसासुना को 2-0 से पराजित किया। उसकी तरफ से एंडर बैरेनेटेक्सिया और ब्रिस मेन्डेज ने पहले हाफ में गोल किए। रियाल मैड्रिड और एटलेटिको मैड्रिड पहले ही सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्के कर चुके हैं।

**फाइनल में न्यूकासल से लिवरपूल की भिड़ंत**

लिवरपूल सेमीफाइनल के पहले चरण में एक गोल से हार गया था, लेकिन दूसरे चरण में उसने बाजी पलटने में कोई कसर नहीं छोड़ी और 4-1 के कुल स्कोर के साथ फाइनल में अपनी जगह पक्की की। लिवरपूल की तरफ से पहले हाफ में फ़ॉरवर्ड कोडी गाकपो ने गोल करके उसे शुरुआती बढ़त दिलाई। इसके बाद मोहम्मद सलाह, डोमिनिक स्जोबोस्जलाई और वर्जिल वान डिज्क के गोल की मदद से उसने सेमीफाइनल के दूसरे चरण को एकतरफा बना दिया। अपने खिताब का बचाव करने के लिए लिवरपूल 16 मार्च को वेम्बली स्टेडियम में फाइनल में न्यूकैसल का सामना करेगा।




**इंडिया-इंग्लैंड एकदिवसीय**

# कटक में भारत की प्लेइंग 11 में होंगे 2 बदलाव?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम ने गुरुवार (6 फरवरी) को इंग्लैंड को 4 विकेट से हराकर 3 मैचों की वनडे सीरीज की शुरुआत की। चैंपियन ट्रॉफी से पहले भारत को तैयारियों का जायजा लेने के लिए 2 और मैच बाकी है। इन 2 मैचों में टीम अपने सभी विकल्प आजमाने का प्रयास करेगी। ऐसे में रविवार (9 फरवरी) को कटक में भारतीय टीम की प्लेइंग 11 में 2 बदलाव हो सकता है।

भारतीय टीम की प्लेइंग 11 में 1 बदलाव बल्लेबाजी और दूसरा गेंदबाजी में हो सकता है। बल्लेबाजी में बदलाव तो तय है। विराट कोहली घुटने में तकलीफ के कारण पहला वनडे नहीं खेले। दूसरे वनडे में उनकी वापसी तय है। नागपुर में ताबड़तोड़ अर्धशतक जड़ने वाले श्रेयस अय्यर ने मैच के बाद खुलासा किया कि कोहली उपलब्ध होते तो वह प्लेइंग 11 में नहीं होते।

**कोहली किसकी जगह खेलेंगे?**

विराट कोहली के न होने पर यशस्वी जायसवाल ने डेब्यू किया। उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा। श्रेयस अय्यर की बातों से ऐसा लगा कि रोहित शर्मा के साथ यशस्वी ओपनिंग के पसंद हैं। शुभमन गिल नंबर 3 और विराट कोहली नंबर 4 पर होते। इसकी एक वजह कोच गौतम गंभीर हैं, जिनको लेफ्ट एंड राइट हैंड कॉम्बिनेशन पसंद है। नागपुर में श्रेयस अय्यर ने जिस तरह की बल्लेबाजी की उन्हें प्लेइंग 11 से बाहर रख पाना मुश्किल है। ऐसे में कोहली की वापसी जायसवाल की जगह हो सकती है।

**हर्षित राणा की जगह अर्शदीप सिंह को मौका मिल सकता है**

चैंपियंस ट्रॉफी से पहले भारतीय टीम को अपने सभी विकल्प आजमाने हैं। ऐसे में गेंदबाजी में भी एक बदलाव हो सकता है।

हर्षित राणा की जगह अर्शदीप सिंह को मौका मिल सकता है। जसप्रीत बुमराह की फिटनेस रिपोर्ट अभी नहीं आई है। ऐसे में अर्शदीप और राणा को दो-दो मैच दिए जा सकते हैं। इसके अलावा कुलदीप यादव ने चोट से वापसी की है। ऐसे में उन्हें दूसरे वनडे में भी मौका मिल सकता है।

**चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले टेंशन**

## 16 पारी, 10.37 का औसत, 166 रन... रोहित शर्मा का फ्लॉप शो



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज में शानदार आगाज किया. दोनों टीमों के बीच पहला मुकाबला गुरुवार (6 फरवरी) को नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला गया. इस मैच को भारतीय टीम ने 38.4 ओवर में ही 4 विकेट से जीत लिया.

यह मैच जरूर भारतीय टीम ने जीत लिया है, लेकिन टीम मैनेजमेंट के लिए अब भी एक बड़ी टेंशन बनी हुई है. यह कप्तान रोहित की खराब फॉर्म है. हिटमैन लगातार फ्लॉप नजर आ रहे हैं. उनका बल्ला एकदम खामोश दिखाई दे रहा है.

पिछली 16 पारियों में बनाए सिर्फ 166 रन

नागपुर वनडे में कप्तान रोहित ने 7 गेंदें खेलीं, लेकिन रन 2 ही बना सके. पाकिस्तानी मूल के तेज गेंदबाज साकिब महमूद ने रोहित को अपनी इनस्विंगर बॉल के जाल में फंसाते हुए कैच आउट कराया. भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के बाद इसी फॉर्मेट में चैम्पियंस ट्रॉफी भी खेलनी है. ऐसे में रोहित की खराब फॉर्म चिंता का बड़ा कारण बनी हुई है.

रोहित के पास अब भी इस सीरीज में 2 वनडे मुकाबले हैं, जिनमें वो अपनी शानदार फॉर्म वापस हासिल कर सकते हैं. उनका पिछली कुछ पारियों में बेहद खराब प्रदर्शन रहा है. कप्तान रोहित ने तीनों फॉर्मेट की पिछली 16 पारियों में सिर्फ 166 रन बनाए हैं. इस दौरान उनका औसत 10.37 का रहा, जो बेहद खराब है. पिछली 16 पारियों में कप्तान रोहित का स्?कोर 6,5,23,8,2,52,0,8,18,11,3,6,10,3,9,2 रहा है. इस दौरान कप्तान रोहित सिर्फ एक फिफ्टी लगा सके हैं. वो इन 16 पारियों में सिर्फ 2 ही बार 20 या उससे ज्यादा का स्कोर बना सके हैं.

**भारत की दूसरे वनडे के लिए संभावित प्लेइंग 11**

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर,केएल राहुल (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, रविंद्र जडेजा, कुलदीप यादव, हर्षित राणा/अर्शदीप सिंह,मोहम्मद शमी।

## मेरा ध्यान फील्ड प्लेसमेंट पर था, शतक पर नहीं: गिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वनडे सीरीज के पहले मैच में इंग्लैंड के खिलाफ 87 रनों की शानदार पारी खेलकर भारत को चार विकेट से जीत दिलाने वाले शीर्ष क्रम के बल्लेबाज शुभमन गिल ने कहा कि उनका ध्यान शतक बनाने पर नहीं था, बल्कि वे नागपुर के वीसीए स्टेडियम में उनके लिए निर्धारित फील्ड प्लेसमेंट पर ध्यान दे रहे थे। गिल ने कहा, नहीं, मैं अपने शतक के बारे में नहीं सोच रहा था।




मेरा ध्यान फील्ड प्लेसमेंट पर था और मैंने उसी के अनुसार शॉट खेले। मैं गेंदबाज पर हावी होना चाहता था और अगर मैं 60 साल का भी होता, तो भी मैं यही शॉट खेलता। उन्होंने हमेशा ओपनर के तौर पर खेलने के बाद तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के बारे में भी अपने विचार साझा किए। मैं टेस्ट में तीसरे नंबर पर खेलता हूं, इसलिए यह कोई बड़ा बदलाव नहीं था।

**नेनशल गेम्स 2025:**

## उत्तराखंड ने बनाया नया रिकॉर्ड, अब तक के इतिहास में पहली बार जीते पांच स्वर्ण पदक



**देहरादून, एजेंसी।** राष्ट्रीय खेलों में अब तक के इतिहास में पहली बार उत्तराखंड ने पांच स्वर्ण पदक जीते हैं। अभी बॉक्सिंग और एथलेटिक्स सहित कई खेलों में पदकों की उम्मीद है। राष्ट्रीय खेलों में सोना जीतने में बृहस्पतिवार को उत्तराखंड ने नया रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज कर लिया। ताइक्वांडो में राज्य की पूजा यादव के स्वर्ण पदक जीतते ही राज्य को मिले स्वर्ण पदकों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। यह पिछले सभी राष्ट्रीय खेलों में अब तक का रिकॉर्ड है। राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड को अभी बॉक्सिंग और एथलेटिक्स सहित कई खेलों में पदकों की उम्मीद है। राज्य के पांच मुक्केबाज निवेदिता, काजल, हिमांशु सोलंकी, कपिल पोखरिया और नरेंद्र सिंह ने बॉक्सिंग के फाइनल में पहुंच गए हैं। ये खिलाड़ी गोल्ड के लिए आज विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों को अपने मुक्कों का दम दिखाएंगे।

ताइक्वांडो में भी राज्य के चार पदक पक्के हो गए हैं। फुटबॉल में भी राज्य के खिलाड़ियों ने फाइनल में पहुंचकर इतिहास रचा है। इसके अलावा, कुछ अन्य खेलों में भी राज्य को पदकों की उम्मीद है।

उत्तराखंड को वुशु में पहला स्वर्ण पदक मिला। लॉन बॉल, योगासन, कैनोइंग और कयाकिंग और ताइक्वांडो में भी उत्तराखंड सोना जीत चुका है।

## महिला हॉकी इंडिया लीग में शानदार प्रदर्शन के बाद सोनम ने कहा, मुझे खेलने की उम्मीद भी नहीं थी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महज 19 साल की उम्र में सोनम ने महिला हॉकी इंडिया लीग 2024-25 में बेहतरीन प्रदर्शन करके सुर्खियां बटोरीं, क्योंकि उनके महत्वपूर्ण गोलों ने जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब को पहले सीजन में फाइनल में पहुंचने में मदद की। हरियाणा की रहने वाली यह फॉरवर्ड टूर्नामेंट की दूसरी सबसे बड़ी स्कोरर थी और भारतीयों के बीच चार्ट में सबसे ऊपर थी। अपने ब्रेकआउट सीज़न के बारे में बात करते हुए, सोनम ने कहा, टूर्नामेंट शुरू होने से पहले, मुझे कोई मैच खेलने की उम्मीद भी नहीं थी क्योंकि मैं बहुत छोटी थी और मेरी टीम में कहीं ज़्यादा अनुभवी हमलावर थे।

उन्होंने कहा, जब मुझे दिल्ली एसजी पाइपर्स के खिलाफ़ पहले मैच में खेलने का मौका मिला, तो मुझे पता था कि मुझे खेलने वाली टीम में बने रहने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा। अपने लगातार गोल और मौके बनाने की बदौलत, सोनम विरोधी टीमों के लिए एक बड़ा खतरा बन गईं। जब उनसे उनकी सफलता के



राज के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने जवाब दिया, हमारी टीम ने हॉकी की बेहद आक्रामक शैली खेली, जिससे स्ट्राइकर की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। मुझे पता था कि टीम के बेहतर प्रदर्शन के लिए मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा, इसलिए मैंने यथासंभव अधिक से अधिक गोल करने की कोशिश की। सोनम को मैदान पर उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत भी किया गया, क्योंकि उन्हें टूर्नामेंट की आगामी खिलाड़ी का खिताब दिया गया।

मुझे इस पर बहुत गर्व है और इसने मुझे पहले से कहीं अधिक प्रेरित किया है। मुझे पता है कि मैं और बेहतर खेल सकती हूं और बहुत आगे जा सकती हूं, और मैं अपने देश के लिए खेलने की पूरी कोशिश करूंगी। सोनम ने कहा, मेरे कोच (जूड मेनेजेस) ने मेरी बहुत मदद की और जब भी मुझे किसी चीज की जरूरत पड़ी, वे हमेशा मेरे साथ रहे। उन्होंने मुझे यह पुरस्कार जीतने के लिए बहुत प्रेरित किया।

सोनम ने यह भी बताया कि बचपन में उनकी आदर्श रानी रामपाल सिंह थीं, जिनके साथ उन्हें एचआईएल में काम करने का मौका मिला।

# बांग्लादेश में अवामी लीग के नेताओं के घरों पर हमले, तोड़फोड़ और आगजनी



**» ढाका, भाषा।**

**बांग्लादेश में प्रदर्शनकारियों ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के नेताओं के घरों पर हमले करने के साथ आगजनी की और 24 से अधिक जिलों में देश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान के भित्ति चित्रों को नष्ट कर दिया गया। मीडिया में आई खबरों से यह जानकारी मिली। यह अशांति बुधवार रात हसीना के ऑनलाइन संबोधन से शुरू हुई, जब प्रदर्शनकारियों ने शेख मुजीब के घर को निशाना बनाया। शुक्रवार को ढाका के बनानी में अवामी लीग के नेता शेख सलीम के घर में आग लगा दी गई।सलीम के घर पर बृहस्पतिवार देर रात करीब डेढ़ बजे आग लगाई गई थी। यूनाइटेड न्यूज ऑफ बांग्लादेश (यूएनबी) ने अग्निशमन सेवा नियंत्रण कक्ष के अधिकारी के हवाले से बताया कि सुरक्षा कारणों से अग्निशमन सेवा के वाहन रात पौने तीन बजे तक घटनास्थल पर नहीं पहुंच सके।**

डेली स्टार ने शुक्रवार को बताया कि शेख मुजीब के धानमंडी-32 में स्थित आवास को आग लगाने और ढहा दिए जाने के एक दिन बाद प्रदर्शनकारियों ने नोआखाली के कम्पनीगंज में अवामी लीग (एएल) के महासचिव और पूर्व सड़क, परिवहन एवं पुल मंत्री ओबैदुल कादर के घर पर हमला कर तोड़फोड़ की और आग लगा दी। दोपहर करीब एक बजे बोरा राजापुर मोहल्ले में स्थित घर पर हुए हमले के दौरान, कादर के छोटे भाई तथा कम्पनीगंज के अवामी लीग के अध्यक्ष अब्दुल कादर मिर्जा और बसुरहाट नगरपालिका के पूर्व महापौर शहादत मिर्जा के दो मंजिला भवन तथा टिन की छत वाले कमरे में भी तोड़फोड़ की गई। घर के सामने खड़ी एक कार भी आग के हवाले कर दी गई। उस समय घर पर कोई नहीं था। यूएनबी की खबर के अनुसार, राजशाही में प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने बाघा उपजिला के चकसिंगा मोहल्ले में पूर्व विदेश राज्य मंत्री शहरयार आलम के तीन मंजिला मकान में आग लगा दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाघा और चारघाट उपजिलों से 100 से अधिक लोग मोटरसाइकिलों पर वहां पहुंचे और दोपहर के समय घर में आग लगा दी। प्रदर्शनकारियों ने कल पबना के शालगरिया गांव में अवामी लीग के नेता अबू सईद के घर पर भी हमला किया और उसे आग लगा दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने बृहस्पतिवार को गेट तोड़कर घर में तोड़फोड़ की और फिर शाम को उसमें आग लगा दी। बृहस्पतिवार को कमिला में प्रदर्शनकारियों ने शहर में शेख मुजीब के दो भित्तिचित्रों को नष्ट कर दिया। वे शाम चार बजे के आसपास कमिला अदालत परिसर में बुलडोजर लेकर गए और एक अदालत की इमारत के सामने एक भित्तिचित्र को नष्ट कर दिया। घटनास्थल पर मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए, स्टूडेंट्स अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन की कमिला शहर इकाई के सचिव रशीदुल हक ने कहा, हम फासीवाद की सभी निशानियों को मिटा देंगे। बाद में, कमिला सिटी पार्क में शेख मुजीब के एक और भित्तिचित्र वाले आधार को बुलडोजर से गिरा दिया गया। नारायणगंज में, बीएनपी समर्थक वकीलों ने नारायणगंज अदालत परिसर और शहर में उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक के कार्यालयों में शेख मुजीब के भित्तिचित्र वाले आधार और एक प्रतिमा को ध्वस्त कर दिया। मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने कहा कि देश भर में तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाओं को दृढ़ता से विरोध किया जाएगा। अंतरिम सरकार ने एक बयान में कहा, अंतरिम सरकार इस बात को लेकर काफी चिंतित है कि कुछ व्यक्ति और समूह देश भर में विभिन्न संस्थानों और प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ और आगजनी का प्रयास कर रहे हैं। सरकार ऐसी गतिविधियों का दृढ़ता से विरोध करेगी। ढाका ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, सरकार ने कहा कि वह लोगों और उनकी संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तैयार है। बयान में कहा गया कि यदि भड़काऊ हरकतों के जरिए देश को अस्थिर करने का कोई प्रयास किया जाता है, तो कानून प्रवर्तन एजेंसियां जिम्मेदार व्यक्तियों और समूहों के खिलाफ तत्काल व सख्त कदम उठाएंगी और दोषियों को न्याय के कठघरे में खड़ा करेंगी। हसीना (77) पिछले साल पांच अगस्त से भारत में रह रही हैं। वह छात्रों के नेतृत्व में हुए बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के बाद बांग्लादेश से भारत चली गई थीं, जिसके साथ ही उनकी पार्टी अवामी लीग की 16 साल की सरकार का पतन हो गया था। फेसबुक लाइवस्ट्रीम में हसीना ने हमले की निंदा की और न्याय की मांग की। उन्होंने कहा, वे एक इमारत को ध्वस्त कर सकते हैं, लेकिन इतिहास को मिटा नहीं सकते। इस बीच, हसीना की मुख्य राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के नेतृत्व वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने देश की मौजूदा स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि अगर सरकार उभरती चुनौतियों को नियंत्रित करने की अपनी क्षमता प्रदर्शित करने में विफल रहती है तो स्थिरता खतरे में पड़ सकती है। पार्टी ने कल रात एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, अगर सरकार मौजूदा स्थिति को प्रभावी ढंग से प्रबंधित नहीं कर सकती, तो देश और सरकार दोनों की स्थिरता को गंभीर खतरों का सामना करना पड़ेगा।

## बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने तोड़फोड़, आगजनी के प्रयासों पर चिंता व्यक्त की



**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने देशभर में तोड़फोड़ और आगजनी के प्रयासों पर चिंता व्यक्त की। इससे पहले अंतरिम सरकार ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के भड़काऊ भाषण को अनपेक्षित और अप्रत्याशित हिंसा भड़काने के लिए जिम्मेदार ठहराया था।अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस की प्रेस शाखा ने बृहस्पतिवार को नया बयान जारी करते हुए कहा, अंतरिम सरकार इस बात पर गहरी चिंता व्यक्त करती है कि कुछ लोग और समूह पूरे देश में विभिन्न संस्थानों और प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ और आग लगाने की कोशिश कर रहे हैं। बयान में कहा गया है, सरकार ऐसी गतिविधियों को सख्ती से रोकेगी। अंतरिम सरकार नागरिकों के जीवन और संपत्ति की रक्षा के लिए चाक चौबंद है। सरकार ने साथ ही संबंधित व्यक्तियों और संस्थाओं के खिलाफ कड़ी दंडात्मक कार्रवाई करने की बात कही है। मुख्य सलाहकार यूनुस की प्रेस शाखा ने यह बयान अंतरिम सरकार द्वारा यह कहे जाने के कुछ घंटों बाद जारी किया कि बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान के 32 धानमंडी आवास को ध्वस्त करना अवांछनीय था, लेकिन ऐसा अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के भारत से दिए गए भड़काऊ भाषण के कारण हुआ। प्रेस शाखा ने बयान में कहा, 32 धानमंडी आवास पर तोड़फोड़ अवांछित थी... (लेकिन) भारत में शरण लिए शेख हसीना द्वारा दिए गए भड़काऊ बयानों से लोगों में गहरा गुस्सा पैदा हुआ और इसके परिणामस्वरूप ये घटनाएं हुई हैं। हजारों प्रदर्शनकारियों ने शेख मुजीबुर रहमान के आवास में आग लगा दी थी और अवामी लीग के कई नेताओं के घरों में तोड़फोड़ की थी।

### भारत जाने के लिए वीजा देने से मना किया

# अमेरिका के सिएटल में भारतीय वाणिज्य दूतावास में कुछ लोगों के अनधिकृत प्रवेश से कानून-व्यवस्था बिगड़ी

**» न्यूयॉर्क, भाषा।**



**सिएटल स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने कहा कि बृहस्पतिवार को उसके परिसर में कुछ व्यक्तियों के अनधिकृत प्रवेश के कारण कानून-व्यवस्था की समस्या पैदा हो गई। वाणिज्य दूतावास ने जिन व्यक्तियों का जिक्र किया, उनमें से एक क्षमा सावंत हैं, जिनके एक्स बायो में उल्लेख है कि वह 2014 से 2023 तक सिएटल सिटी काउंसिल की सदस्य रही हैं। सोशल मीडिया पर इस घटना का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें सावंत और उनके साथ एक व्यक्ति यह दावा करते हुए दिखाई दे रहे हैं कि उन्हें भारत जाने के लिए वीजा देने से मना कर दिया गया। भारतीय वाणिज्य दूतावास ने उन्हें अतिक्रमणकारी बताते हुए एक्स पर लिखा, बार-बार अनुरोध के बावजूद, इन व्यक्तियों ने वाणिज्य दूतावास परिसर से बाहर निकलने से इनकार कर दिया और कर्मचारियों से आक्रामक व धमकी भरा व्यवहार किया।**

हमें स्थिति से निपटने के लिए संबंधित स्थानीय अधिकारियों को बुलाने के लिए मजबूर होना पड़ा। पोस्ट में कहा गया है, अतिक्रमणकारियों के खिलाफ आगे की कार्रवाई शुरू की जा रही है। सावंत ने भी एक्स पर लिखा, एक वाणिज्य दूतावास अधिकारी ने कहा कि मुझे वीजा देने से मना किया जा रहा है, क्योंकि मैं उन लोगों में शामिल हूं, जिनके वीजा को मोदी सरकार ने अस्वीकार कर दिया है। यह स्पष्ट है कि क्यों। मेरे सिटी काउंसिल कार्यालय ने मोदी के मुस्लिम विरोधी, गरीब विरोधी सीएए-एनआरसी नागरिकता कानून की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया था।

## कैसे बोटोक्स से जुड़ी है यह तंत्रिकातंत्र संबंधी लकवे वाली बीमारी

**सिडनी।** सिडनी में पिछले सप्ताह बोटोक्स इंजेक्शन लगवाने के बाद तीन लोगों के बोटुलिज्म से पीड़ित होकर अस्पताल में भर्ती होने की खबर ने कॉस्मेटिक इंजेक्टेबल्स उद्योग के विनियमन को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। तीनों महिलाओं ने जनवरी में पश्चिमी सिडनी के एक घर में एक ही प्रदाता से झुर्री रोधी विनियमित उत्पादों के इंजेक्शन लगवाए थे। यह प्रदाता वर्ष 2024 में विक्टोरिया में बोटोक्स इंजेक्शन के बाद होने वाले बोटुलिज्म के एक मामले से भी कथित तौर पर जुड़ा हुआ है। प्रदाता पंजीकृत स्वास्थ्य पेशेवर नहीं है। प्रदाता को न्यू साउथ वेल्स और विक्टोरिया में कॉस्मेटिक प्रक्रियाएं करने से प्रतिबंधित कर दिया गया और घटनाओं की जांच की जा रही है।

# एच-1बी प्रारंभिक पंजीकरण अवधि सात मार्च से शुरू होगी : यूएससीआईएस

**» न्यूयॉर्क (अमेरिका), भाषा।**




**वित्त वर्ष 2026 के लिए भारतीय आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी) पेशेवरों द्वारा सबसे अधिक मांग वाले एच-1बी वीजा को लेकर प्रारंभिक पंजीकरण अवधि सात मार्च से शुरू होगी और 24 मार्च को समाप्त होगी। अमेरिका की संघीय एजेंसी अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) ने यह जानकारी दी। एच-1बी वीजा एक गैर-अप्रवासी वीजा है जो अमेरिकी कंपनियों को विशेष व्यवसायों में विदेशी कर्मचारियों को नियुक्त करने की अनुमति देता है, जिसके लिए सैद्धांतिक या तकनीकी विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है। प्रौद्योगिकी कंपनियां भारत और चीन जैसे देशों से हर साल हजारों कर्मचारियों को नियुक्त करने के लिए इस वीजा कार्यक्रम पर निर्भर रहती हैं।**

यूएससीआईएस ने बुधवार को कहा कि वित्तीय वर्ष 2026 के लिए विदेशी अतिथि श्रमिकों के वास्ते सबसे अधिक मांग वाले एच-1बी वीजा को लेकर प्रारंभिक पंजीकरण अवधि सात मार्च को दोपहर 12 बजे (भारतीय समयानुसार रात साढ़े 10 बजे) से शुरू होगी और 24 मार्च को दोपहर 12 बजे (भारतीय समयानुसार रात साढ़े 10 बजे) तक चलेगी। इस अवधि के दौरान, संभावित आवेदनकर्ताओं और प्रतिनिधियों को चयन प्रक्रिया के उद्देश्य से प्रत्येक लाभार्थी को इलेक्ट्रॉनिक रूप से पंजीकृत करने के लिए यूएससीआईएस ऑनलाइन खाते का उपयोग करना होगा और प्रत्येक लाभार्थी के लिए संबंधित पंजीकरण शुल्क का भुगतान करना होगा। पंजीकरण शुल्क 215 अमेरिकी डॉलर है। एच-1बी वीजा के मुख्य लाभार्थी भारतीय हैं, जो दुनिया भर से बेहतरीन प्रतिभा और कौशल को अपने साथ लाते हैं। भारत से उच्च कौशल वाले पेशेवर भारी संख्या में एच-1बी वीजा प्राप्त करते हैं।

## साओ पाउलो में छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त, दो यात्रियों की मौत

**साओ पाउलो।** ब्राजील के साओ पाउलो शहर में शुक्रवार सुबह एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे कम से कम दो यात्रियों की मौत हो गई। स्थानीय अग्निशमन दल ने यह जानकारी दी। अग्निशमन दल ने बयान में कहा कि साओ पाउलो के बारा फंडा इलाके के मध्य क्षेत्र के पास विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ। विमान का एक हिस्सा टूटकर एक बस से टकरा गया, जिससे बस में मौजूद एक महिला घायल हो गई। वहीं, मोटरसाइकिल से जा रहा एक व्यक्ति भी इसकी चपेट में आ गया। बाद में जारी किए गए एक बयान में कहा गया कि घटनास्थल पर मौजूद चार लोगों को मामूली चोटें आई हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय मीडिया द्वारा साझा की गई तस्वीरों में विमान और बस में आग लगी हुई नजर आ रही है तथा अग्निशमन कर्मी आग बुझाने का प्रयास कर रहे हैं। विमान ब्राजील के दक्षिणी राज्य रियो ग्रांडे डो सुल के पोर्टो एलेग्रे की ओर जा रहा था।



### न्यूज ब्रीफ

## यूनान के सेंटोरिनी द्वीप में एक सप्ताह में भूकंप के सैकड़ों झटके महसूस किए जाने के बाद आपातकाल घोषित

**» एथेंस (यूनान), भाषा।**



**यूनान की सरकार ने सेंटोरिनी द्वीप में पिछले एक सप्ताह में भूकंप के सैकड़ों झटके महसूस किए जाने के बाद बृहस्पतिवार को द्वीप में आपातकाल घोषित कर दिया। द्वीप में बुधवार रात 5.2 तीव्रता के भूकंप के उपरांत नागरिक सुरक्षा मंत्रालय ने आपातकाल की घोषणा की है जिससे बाद अधिकारियों को वहां तत्काल आवश्यक कदम उठाने में मदद मिलेगी। सेंटोरिनी द्वीप में 31 जनवरी से भूकंप के झटके महसूस किए गए लेकिन बुधवार को आया भूकंप सार्वधिक तीव्रता का था। सरकारी प्रवक्ता पावलोस मारिनाकिस ने बताया कि द्वीप पर आपात सेवाएं सक्रिय हैं।**

उन्होंने संवाददाताओं से कहा, अग्निशमन विभाग, पुलिस, तट रक्षक, सशस्त्र बल और आपात चिकित्सा सेवाओं के कर्मचारियों ने सेंटोरिनी और आसपास के द्वीपों पर मोर्चा संभाल लिया है। भूकंप से हालांकि कोई खास नुकसान नहीं हुआ है लेकिन हजारों निवासी और श्रमिक भय से पलायन कर रहे हैं। अधिकतर लोग नौकाओं में सवार होकर यूनान मुख्य भूमि की ओर चले गए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इन भूकंप का एजियन सागर में ज्वालामुखीय गतिविधि से कोई संबंध नहीं है, लेकिन वे यह नहीं बता सकते कि क्या क्षेत्र में अधिक शक्तिशाली भूकंप आ सकता है या नहीं। द्वीप के ऑर्थोडॉक्स चर्च ने निवासियों से मुसीबत के वक्त एक-दूसरे की सहायता करने का आग्रह किया है।

# अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय ने ट्रंप प्रशासन के प्रतिबंधों की आलोचना की

**» हेग, भाषा।**

**अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय ने शुक्रवार को अपने सदस्य देशों से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के खिलाफ खड़े होने का आह्वान करते हुए कहा कि यह कदम उसके स्वतंत्र और निष्पक्ष न्यायिक कार्य को नुकसान पहुंचाने का प्रयास है। अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस ने प्रतिबंधों के संबंध में बृहस्पतिवार को कार्यकारी आदेश जारी किया। अमेरिका का कहना है कि उसे और उसके करीबी सहयोगी इजराइल को निशाना बनाने वाली अवैध और निराधार कार्वाइयों के कारण उसने यह कदम उठाया है। इस आदेश में पिछले साल गाजा में कथित युद्ध अपराधों के लिए इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट का संदर्भ दिया गया। हेग स्थित न्यायालय ने कहा कि वह इस कदम की निंदा करता है।**




न्यायालय ने एक बयान में कहा, न्यायालय अपने कर्मियों के साथ मजबूती से खड़ा है और दुनिया भर में अत्याचारों के लाखों निर्दोष पीड़ितों को न्याय और उम्मीद प्रदान करना जारी रखने का संकल्प लेता है। बयान में कहा गया, हम अपने 125 सदस्य देशों, नागरिक समाज और दुनिया के सभी देशों से न्याय और मौलिक मानवाधिकारों के लिए एकजुट होने का आह्वान करते हैं। आदेश में कहा गया है कि अमेरिका अंतरराष्ट्रीय न्यायालय की कार्रवाई के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ ठोस कदम उठाएगा। कार्रवाई में संपत्ति पर रोक और आईसीसी के अधिकारियों, कर्मचारियों और रिश्तेदारों को अमेरिका में प्रवेश करने की अनुमति नहीं देना शामिल हो सकता है। कोषागार और विदेश विभाग यह निर्धारित करेंगे कि किन लोगों और संगठनों पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। मानवाधिकार समूहों ने भी अमेरिका के इस निर्णय की आलोचना की है। ह्यूमन राइट्स वॉच की अंतरराष्ट्रीय न्याय निदेशक लिज इवेनसन ने एक बयान में कहा, अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के अधिकारियों के खिलाफ अमेरिकी प्रतिबंध दुनिया भर में सामूहिक अत्याचारों के लिए जिम्मेदार लोगों के लिए एक उपहार होगा। प्रतिबंध मानवाधिकार उल्लंघनकर्ताओं के लिए हैं, न कि उन लोगों के लिए जो अधिकारों का हनन करने वालों को जवाबदेह ठहराने का काम कर रहे हैं। इवेनसन ने कहा, ट्रंप का कार्यकारी आदेश रूस की कार्यप्रणाली के समान है, जिसने न्यायाधीशों और अभियोजक के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट के माध्यम से अदालत के काम में बाधा डालने की कोशिश की है। न्यायालय के अधिकारी महीनों से प्रतिबंधों से निपटने की तैयारी कर रहे थे। जनवरी में, न्यायालय ने कर्मचारियों को उनके तीन महीने के वेतन का अग्रिम भुगतान किया था। वहीं, प्रतिबंधों से बचने के प्रयास में ट्रंप के निर्वाचित होने के बाद से न्यायालय के कम से कम दो वरिष्ठ कर्मचारियों ने इस्तीफा दे दिया। नीदरलैंड ने भी ट्रंप के आदेश की आलोचना की है। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय नीदरलैंड के हेग में स्थित है।

## ट्रंप ने इजराइल के खिलाफ जांच को लेकर अंतरराष्ट्रीय अपराध अदालत पर प्रतिबंध लगाए



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइल के खिलाफ जांच को लेकर अंतरराष्ट्रीय अपराध अदालत (आईसीसी) पर प्रतिबंध लगाने संबंधी आदेश पर बृहस्पतिवार को हस्ताक्षर किए। अमेरिका और इजराइल अंतरराष्ट्रीय अपराध अदालत को मान्यता नहीं देते हैं। अक्टूबर 2023 में इजराइल के खिलाफ हमास के हमले के बाद गाजा में जवाबी सैन्य कार्रवाई को लेकर कथित युद्ध अपराधों के लिए आईसीसी ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। इजराइली सेना की जवाबी कार्रवाई में बच्चों सहित हजारों फलस्तीनियों की मौत हुई थी। ट्रंप द्वारा हस्ताक्षरित आदेश में आईसीसी पर अमेरिका और उसके करीबी सहयोगी इजराइल को निशाना बनाकर अवैध तथा निराधार कार्यवाही करने और नेतन्याहू और उनके पूर्व रक्षा मंत्री योआव गैलेंट के खिलाफ बेबुनियाद गिरफ्तारी वारंट जारी करके अपनी शक्ति का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया गया है। आदेश में कहा गया है कि अमेरिका या इजराइल, आईसीसी के अधिकार क्षेत्र से बाहर हैं। इसमें यह भी कहा गया कि आईसीसी ने दोनों देशों के खिलाफ कार्रवाई का खतरनाक कदम उठाया है। आदेश में कहा गया है कि अमेरिका आईसीसी पर ठोस प्रतिबंध लगाएगा। ट्रंप की ओर यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब नेतन्याहू वाशिंगटन के दौरे पर हैं।

## नाइजीरिया में घात लगाकर किए गए हमले में 10 सैनिकों की मौत

**» डकार (सेनेगल), भाषा।**

**पश्चिमी नाइजीरिया में बुर्किना फासो से लगती सीमा पर मवेशी तस्करों के खिलाफ कार्वाई के लिए भेजी गई सैन्य टुकड़ी पर हथियारबंद हमलावरों ने घात लगाकर हमला कर दिया जिसमें कम से कम 10 जवान मारे गए। नाइजीरिया की सैन्य सरकार ने यह जानकारी दी। सेना ने बुधवार रात एक बयान जारी कर कहा कि तकजात गांव में मवेशी तस्करों को पकड़ने के लिए सैन्य टुकड़ी को सोमवार को तैनात किया गया था। बयान में कहा गया, अभियान के दौरान अपराधियों के एक समूह ने सुरक्षा बलों पर घात लगाकर हमला कर दिया जिसमें हमारे 10 सैनिक मारे गए।**

बयान में कहा गया कि हमलावर फरार हो गए लेकिन सेना ने मंगलवार को 15 आतंकवादियों को पकड़ लिया और उन्हें मार गिराया। नाइजीरिया और पड़ोसी मुल्क बुर्किना फासो, माली एक दशक से अधिक समय से जिहादी समूहों के विद्रोह से जूझ रहे हैं। कुछ समूह आतंकवादी संगठन अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट से जुड़े है। तीनों ही देशों में सैन्य सरकार है और उन्होंने सुरक्षा का जिम्मा संभाल रहे फ्रांस के सैनिकों को वापस भेज दिया है।

### मैं एक परमाणु शांति समझौता अधिक पसंद करूंगा : खामेनेई

# अमेरिका के साथ वार्ता बुद्धिमानी या समझदारी नहीं : ईरानी सर्वोच्च नेता

**» दुबई, भाषा।**

**ईरान के साथ परमाणु वार्ता की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पेशकश के बाद सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका के साथ वार्ता बुद्धिमानी, समझदारी या सम्मानजनक नहीं है। खामेनेई ने यह भी कहा कि ऐसी सरकार के साथ कोई बातचीत नहीं होनी चाहिए, लेकिन उन्होंने अमेरिका से बातचीत न करने का सीधा आदेश जारी करने से परहेज किया।**



ईरान के साथ परमाणु वार्ता की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पेशकश के बाद सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका के साथ वार्ता बुद्धिमानी, समझदारी या सम्मानजनक नहीं है। खामेनेई ने यह भी कहा कि ऐसी सरकार के साथ कोई बातचीत नहीं होनी चाहिए, लेकिन उन्होंने अमेरिका से बातचीत न करने का सीधा आदेश जारी करने से परहेज किया। तेहरान में वायुसेना अधिकारियों के लिए दिया गया खामेनेई का बयान उनकी पिछली टिप्पणियों के विपरीत है। खामेनेई (85) पश्चिमी देशों के साथ बातचीत के बारे में हमेशा सावधानीपूर्वक बयान देते हैं। ट्रंप ने मंगलवार को ईरान पर अधिकतम दबाव बनाने के लिए एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करते समय कहा था कि वह तेहरान के साथ समझौता चाहते हैं। उन्होंने ओवल ऑफिस से कहा था, मैं इसपर (कार्यकारी आदेश) हस्ताक्षर करने जा रहा हूं, लेकिन उम्मीद है कि हम इसपर बहुत जल्द अमल नहीं करेंगे। हम देखेंगे कि हम ईरान के साथ कोई समझौता कर पाते हैं या नहीं। ट्रंप ने कहा था, हम ईरान के प्रति सख्ती नहीं चाहते। हम किसी के प्रति भी सख्ती नहीं चाहते। लेकिन उनके पास परमाणु बम नहीं होना चाहिए। ट्रंप ने बुधवार को एक अन्य ऑनलाइन संदेश में कहा था, ऐसी खबरें बहुत ही अतिशयोक्तिपूर्ण हैं कि अमेरिका, इजराइल के साथ मिलकर ईरान को ध्वस्त करने जा रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर लिखा, मैं एक परमाणु शांति समझौता अधिक पसंद करूंगा, जिससे ईरान का शांतिपूर्वक विकास होगा और वहां समृद्धि आएगी।

## पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में 12 आतंकवादी मारे गए

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षाबलों ने खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए अभियान में 12 आतंकवादियों को मार गिराया। एक बयान में यह जानकारी दी गई। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा के अनुसार, यह अभियान उत्तरी वजीरिस्तान के हसन खेल इलाके में पांच-छह फरवरी की दरमियानी रात को चलाया गया जिसमें एक सुरक्षाकर्मी की भी जान चली गई है। इसने कहा कि इलाके में आंतकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी मिली थी जिसके आधार पर अभियान को अंजाम दिया गया। बयान में यह भी कहा गया कि अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने आतंकवादी ठिकानों को पुख्ता तरीके से निशाना बनाया और 12 आतंकवादियों को मार गिराया। इसमें कहा गया कि आतंकवादियों के कब्जे से हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं।

# यूएनआरडब्ल्यूए के अस्तित्व को खतरा : फिलिप लाजारिनी

**» बेरूत, भाषा।**

**फलस्तीनी शरणार्थियों से संबंधित संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी के प्रमुख ने कहा है कि इजराइली प्रतिबंध से एजेंसी के कामकाज पर कोई असर नहीं पड़ा है लेकिन दीर्घावधि में इसके अस्तित्व को खतरा है। संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के महाआयुक्त फिलिप लाजारिनी ने बेरूत की यात्रा के दौरान एसोसिएटेड प्रेस को दिए एक साक्षात्कार में कहा, मेरा स्पष्ट रूप से मानना है कि एजेंसी के सामने आने वाली सभी बाधाओं और दबाव के बावजूद, हमारा उद्देश्य तब तक काम करते रहना है जब तक हमें रोका नहीं जाता। पिछले सप्ताह इजराइल ने औपचारिक रूप से यूएनआरडब्ल्यूए पर अपने क्षेत्र में काम करने से रोक लगा दी थी। लाजारिनी ने कहा कि इसके परिणामस्वरूप, अंतरराष्ट्रीय कर्मचारियों को पूर्वी यरुशलम छोड़ना पड़ा क्योंकि उनके वीजा की अवधि समाप्त हो गई थी, लेकिन गाजा और वेस्ट बैंक में संचालन पर तत्काल कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।**



उन्होंने कहा कि पूर्वी यरूशलम में भी यूएनआरडब्ल्यूए द्वारा प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य और अन्य सेवाएं जारी हैं, हालांकि जरूरी नहीं कि उनका दायरा पहले जैसा हो। नए ट्रंप प्रशासन में यूएनआरडब्ल्यूए पर अमेरिका की ओर से भी दबाव बढ़ सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में गाजा में रह रहे लगभग 20 लाख फलस्तीनियों को पड़ोसी अरब देशों में स्थाई रूप से बसाने का प्रस्ताव रखा था और कहा था कि गाजा पर अमेरिका का दीर्घकालिक नियंत्रण होना चाहिए। लाजारिनी ने प्रस्ताव को पूरी तरह से अवास्तविक बताया और कहा, हम जबरन विस्थापन की बात कर रहे हैं। जबरन विस्थापन एक अपराध है, एक अंतरराष्ट्रीय अपराध। यह जातीय सफाया है। ट्रंप ने मंगलवार को घोषणा की कि वाशिंगटन यूएनआरडब्ल्यूए के लिए वित्तपोषण फिर से शुरू नहीं करेगा, जिसपर जनवरी 2024 में बाइडन प्रशासन ने रोक लगा दी थी। यह रोक इजराइल के इन आरोपों के बाद लगाई गई थी कि गाजा में यूएनआरडब्ल्यूए के कर्मचारियों ने सात अक्टूबर 2023 को दक्षिणी इजरायल पर हमास के नेतृत्व वाले हमले में भाग लिया था। इजराइल ने आरोप लगाया था कि गाजा में यूएनआरडब्ल्यूए के लगभग 13,000 कर्मचारियों में से 19 हमले में शामिल थे।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,